


दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K K

RNI No.61546/95

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-31 अंक-133 | नर्मदापुरम (होशंगाबाद) बुधवार 02 जुलाई 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## हिमाचल प्रदेश : मंडी जिले में बादल फटने से भारी नुकसान, एक की मौत, सात लापता



मंडी (आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में सोमवार रात से हो रही मूसलाधार बारिश ने तबाही मचा दी है। करसोग और धर्मपुर उपमंडल में बादल फटने और फ्लैश फ्लड की घटनाओं से भारी नुकसान हुआ है। गोहर और सदर उपमंडल में भी भूस्खलन और जलभराव की कई घटनाएं सामने आई हैं। करसोग में फ्लैश फ्लड के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि गोहर में सात लोग लापता बताए जा रहे हैं। करसोग के पुराना बाजार (पंजराट), कुट्टी, बरल, ममेल और भ्याल क्षेत्रों में फ्लैश फ्लड की वजह से कई गाड़ियां बह गईं और घरों को नुकसान पहुंचा। इस आपदा में एक व्यक्ति की मौत हो गई। करसोग के डीएसपी तरनजीत सिंह के मुताबिक, राहत और बचाव का कार्य जारी है और 25 से अधिक लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया है।

गोहर उपमंडल में एक मकान बह गया। हादसे में मां-बेटी को बचा लिया गया, मगर सात लोग अब भी लापता हैं। इनकी पहचान बागा गांव निवासी पदम सिंह (75), देवकू देवी (70), झाबे राम (50), पार्वती देवी (47), सुरमि देवी (70), इंद्र देव (29), उमावती (27), कनिका (9) और गौतम (7) के रूप में हुई है।धर्मपुर की मंडप तहसील के सुंदल गांव के पास फ्लैश फ्लड से काफल भवानी माता मंदिर से आने वाला नाला उफान पर आ गया। यहां अभी किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। हालांकि धर्मपुर की लौंगनी पंचायत के सयाठी गांव में भूस्खलन से एक मकान और कई गौशालाएं जमींदोज हो गईं। हादसे में मवेशियों और खच्चरों के हताहत होने की सूचना है। जिले में भारी बारिश के चलते पंडोह डैम का जलस्तर तेजी से बढ़कर 2922 फीट तक पहुंच गया, जबकि खतरे का निशान 2941 फीट पर है। जलस्तर को नियंत्रित रखने के लिए डैम से ब्यास नदी में डेढ़ लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा जा रहा है। इससे ब्यास नदी पूरे उफान पर है और मंडी शहर में पंचवक्त्र मंदिर तक पानी पहुंच गया। शहर में जगह-जगह जलभराव हो गया।

### हिंदी को लेकर फडणवीस सरकार ने पहले ही मारा सिक्सर', भाषा विवाद पर रामदास आठवले का बयान

रायपुर (आरएनएस)। महाराष्ट्र में 'हिंदी' विवाद पर केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य में हिंदी भाषा लागू होनी चाहिए, लेकिन इसकी पहली क्लास से जरूरत नहीं है। इस दौरान रामदास आठवले ने विपक्ष के आंदोलन से पहले सरकार की ओर से लिए गए फैसले पर भी जवाब दिया। केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले छत्तीसगढ़ दौरे पर हैं। रायपुर में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने 'हिंदी' विवाद पर कहा, राज्य में हिंदी को लेकर कुछ लोगों ने कहा कि 5वीं क्लास के बाद हिंदी को लागू किया जा सकता है, लेकिन उसके पहले राज्य में इसे तीसरी भाषा के रूप में अनिवार्य न किया जाए। हिंदी को लेकर महाराष्ट्र के लोगों ने विरोध का रास्ता लिया।




भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी लेनिनवादी) [सीपीआई (एमएल)] के सदस्य नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए।

## पाक की परमाणु धमकी से हम डरने वाले नहीं, इजरायल-ईरान की मदद के लिए भारत तैयार : जयशंकर



नई दिल्ली (आरएनएस)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत को एक सभ्यतागत राष्ट्र, बहुलतावादी लोकतंत्र, प्रतिभा का स्रोत, कूटनीतिक सेतु और वैश्विक दक्षिण की आवाज बताया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत जल्द ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के साथ व्यापार समझौता करने में सफल होगा। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने 'न्यूजवीक' के सीईओ डेव प्रगाड़ के साथ एक खास बातचीत में भारत की भूमिका और स्थिति पर अपने विचार साझा किए।अमेरिका के साथ ट्रेड डील को लेकर जयशंकर ने कहा, हम एक बहुत ही जटिल व्यापार वार्ता के बीच में हैं, उम्मीद है कि बीच से भी अधिक बीच में। मेरी उम्मीद होगी कि हम इसे एक सफल निष्कर्ष पर ले जाएं। मैं गारंटी नहीं दे सकता, क्योंकि उस चर्चा में एक और पक्ष है। मुझे विश्वास है कि यह संभव है और मुझे लगता है कि हमें अगले कुछ दिनों तक इस क्षेत्र पर नजर रखनी होगी। उन्होंने कहा कि ट्रंप और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं। जयशंकर ने एशिया और प्रशांत क्षेत्र में चीन के प्रतिकार के रूप में काम करने वाले देशों के क्वाड के भीतर देशों के बीच संबंधों के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि आपके पास चार देश हैं, एक तरह से इंडो-पैसिफिक के चार कोने, जिन्होंने वास्तव में यह तय किया है कि एक स्थिर या अधिक समृद्ध इंडो-पैसिफिक बनाने में उनकी साझा रुचि है और वे व्यावहारिक आधार पर काम करने के इच्छुक हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत पड़ोसी चीन के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहता है। जयशंकर ने कहा कि हमारा अमेरिका के साथ बहुत अच्छा तालमेल है। साथ ही, हम चीन के सबसे बड़े पड़ोसी हैं।

साक्षात्कार में पाकिस्तान से बातचीत के प्रस्ताव को लेकर भी सवाल किया गया।

## भीषण सड़क हादसे में 2 इंजीनियरिंग छात्रों की मौत

### 3 युवक गंभीर रुप से घायल, देर रात बायपास ब्रिज के पास की घटना

इंदौर (आरएनएस)। मध्यप्रदेश में तेज रफ्तार का कहर रुकने का नाम नहीं ले रहा है। रफ्तार तेज होने से आए दिन सड़क हादसे बढ़ते जा रहा है। सड़क हादसों में असमय लोगों की मौतें भी हो रही है। ताजा मामला इंदौर शहर का है। तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में देर रात बायपास स्थित ब्रिज के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में दो इंजीनियरिंग छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी छात्र महेश्वर के पास ढापला गांव के रहने वाले और इंदौर में रहकर पढ़ाई कर रहे थे। तेजाजी नगर पुलिस के मुताबिक मृतकों की पहचान धीरज पाटीदार और ध्रुव पाटीदार के रूप में हुई है। दोनों इंदौर के एक इंजीनियरिंग कॉलेज से बी टेक कर रहे थे और रेडियो कॉलोनी में किराए के फ्लैट में रहते थे। हादसे में हेमंत पाटीदार, आदित्य और यशराज नामक तीन छात्र घायल हुए हैं। इनमें हेमंत महाराणा रणजीत सिंह कॉलेज से बीएससी कर रहा है। सभी घायलों को इलाज के लिए अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी प्रदीप कुमार सोलंकी, जांच अधिकारी तेजाजी नगर इंदौर ने दी।

## उफनते नाले में बह जाने से महिला व उसके बच्चे की मौत

बलरामपुर ,(आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर से बड़ी खबर सामने आई है। जहां मायके से ससुराल लौट रही महिला व उसके बच्चे की उफनते के बीच फंस जाने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार पानी के तेज बहाव में दोनों मां-बेटे बह गए. पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों का शव नदी से बाहर निकाला। घटना शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के साही टोंगरी की है। जानकारी के मुताबिक आमगांव की रहने वाली पहाड़ी कोरवा महिला रजनी कोरवा पति किशुन कोरवा अपने दो साल के बच्चे के साथ सप्ताहभर पहले मायके गई हुई थी। वापस ससुराल आते समय उफनते नाले के बीच में फंसे गई. पानी के तेज बहाव पर उसका जोर नहीं चला और बेटे के साथ बह गई. सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची शंकरगढ़ पुलिस ने दोनों का शव नदी से बाहर निकाला. परिजनों को घटना की सूचना देने के साथ शवों को पोस्ट मार्टम के लिए अस्पताल भेजा. मां-बेटे की असामयिक मौत से मातम पसरा हुआ है।

## सुरक्षा में बड़ी चूकः टेकऑफ के बाद हवा में 900 फीट नीचे आ गया AIR INDIA का विमान, सेफ्टी चीफ तलब; दोनों पायलट सस्पेंड



नई दिल्ली, (आरएनएस)। एअर इंडिया की एक उड़ान में सुरक्षा को लेकर एक और गंभीर मामला सामने आया है। दिल्ली से वियना के लिए उड़ान भरने वाला बोइंग 777 विमान टेकऑफ के कुछ ही देर बाद हवा में करीब 900 फीट तक नीचे आ गया। इस घटना के बाद, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) ने कड़ी कार्रवाई करते हुए जांच पूरी होने तक दोनों पायलटों को उड़ान भरने से रोक दिया है। यह घटना 14 जून की है, जब एअर इंडिया की फ्लाइट U AI-187 ने सुबह 2:56 बजे दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से वियना के लिए उड़ान भरी थी। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, टेकऑफ के तुरंत बाद विमान ने अचानक अपनी ऊंचाई खो दी, जिससे कॉकपिट में स्टॉल (विमान के गिरने की स्थिति) और ग्राउंड प्रॉक्सिमिटी वॉर्निंग सिस्टम सक्रिय हो गए।

इस दौरान पायलटों को बार-बार 'डोन्ट सिंक' (नीचे मत जाओ) के अलर्ट मिल रहे थे। हालांकि, एअर इंडिया के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि पायलटों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए विमान को स्थिर कर लिया और चुनौतीपूर्ण मौसम के बावजूद उड़ान को सुरक्षित रूप से जारी रखा।

## सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला, SC-ST कर्मचारियों के लिए सीधी भर्ती और प्रमोशन में आरक्षण लागू



नई दिल्ली, (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए अपनी सीधी भर्ती और प्रमोशन प्रक्रियाओं में अनुसूचित जाति (एससी) के लिए 15 प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के लिए 7.5 प्रतिशत आरक्षण की औपचारिक नीति को मंजूरी दे दी है। यह जानकारी 24 जून को सुप्रीम कोर्ट के सभी कर्मचारियों को जारी एक आधिकारिक सर्कुलर के माध्यम से दी गई। यह नई आरक्षण व्यवस्था 23 जून, 2025 से प्रभावी हो गई है।यह महत्वपूर्ण नीतिगत बदलाव सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों पर लागू नहीं होगा। इसके दायरे में रजिस्ट्रार, वरिष्ठ निजी सहायक, सहायक लाइब्रेरियन, जूनियर कोर्ट असिस्टेंट और चेंबर अटेंडेंट जैसे विभिन्न गैर-न्यायिक पद शामिल होंगे।भारत के मुख्य न्यायाधीश (तत्कालीन) गवई ने इस फैसले पर अपनी राय व्यक्त करते हुए कहा था कि जब देश के अन्य सरकारी संस्थानों और कई उच्च न्यायालयों में पहले से ही एससी और एसटी वर्गों के लिए आरक्षण का प्रावधान मौजूद है, तो सुप्रीम कोर्ट को इससे अलग क्यों रखा जाना चाहिए? उन्होंने आगे कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने कई ऐतिहासिक निर्णयों में सकारात्मक कार्रवाई का समर्थन किया है, और अब एक संस्था के रूप में हमें इसे अपने यहां भी लागू करना चाहिए। हमारे कार्य हमारे सिद्धांतों के अनुरूप होने चाहिए।नई आरक्षण नीति के संबंध में जारी सर्कुलर में सभी कर्मचारियों और रजिस्ट्रारों को सूचित किया गया है कि मॉडल आरक्षण रोस्टर और रजिस्टर सुप्रीम कोर्ट के आंतरिक नेटवर्क 'Supnet' पर अपलोड कर दिया गया है और यह 23 जून से प्रभावी हो गया है। सर्कुलर में यह भी निर्देश दिया गया है कि यदि किसी कर्मचारी को रोस्टर या रजिस्टर में कोई त्रुटि या कमी नजर आती है, तो वे तुरंत संबंधित रजिस्ट्रार को सूचित करें।

### RCB ही जिम्मेदार, पुलिस कोई जादूगर या अलादीन का चिराग नहीं', बेंगलुरु भगदड़ पर बोला ट्रिब्यूनल

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण ने भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी विकास कुमार विकास के खिलाफ कर्नाटक सरकार के निलंबन आदेश को रद्द कर दिया है, जिन पर पिछले महीने यहां हुई भीषण भगदड़ के मद्देनजर कार्रवाई की गई थी। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के सामने चार जून को मची भगदड़ में 11 लोगों की जान चली गई थी। मामले में योजना और भीड़ प्रबंधन को लेकर तीखी आलोचना हुई थी। कैट ने स्टेडियम में भगदड़ के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) को ही जिम्मेदार माना है।आदेश में साफ तौर पर कहा गया कि आरसीबी ने पुलिस से कोई पूर्व अनुमति नहीं ली थी। अचानक सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। पुलिसकर्मी भी इंसान हैं, उनके पास अलादीन का चिराग थोड़े है। ट्रिब्यूनल ने कहा कि आरसीबी ने सोशल मीडिया पर बिना पुलिस की अनुमति के विजय जुलूस का आमंत्रण पोस्ट कर दिया, जिससे भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पुलिस के पास सुरक्षा इंतज़ाम के लिए पर्याप्त समय नहीं बचा।

## हेमंत खंडेलवाल मप्र भाजपा के नए अध्यक्ष

### भाजपा ने 4 राज्य हिमाचल, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में निर्विरोध प्रदेशाध्यक्ष को चुना




नई दिल्ली/भोपाल (ए)। भाजपा ने मंगलवार को 9 राज्यों में से 4 राज्य हिमाचल, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में निर्विरोध प्रदेशाध्यक्ष को चुन लिया है। इसके अलावा, मप्र में हेमंत विजय खंडेलवाल ने भी निर्विरोध नामांकन भरा। बुधवार को उनकी जीत का ऐलान किया जाएगा। हिमाचल में राजीव बिंदल को को तीसरी बार कमान दी गई है। वहीं, महेंद्र भट्ट दूसरी बार उत्तराखंड अध्यक्ष बने। आंध्रप्रदेश में पीएनवी माधव और तेलंगाना में रामचंद्र राव को चुना गया है। महाराष्ट्र में रवीद्र चाव्हाण के नाम का ऐलान होना बाकी है। तेलंगाना में रामचंदर राव को प्रत्याशी बनाए जाने पर विवाद हुआ था। गोशामहल से विधायक टी राजा ने विरोध करते हुए सोमवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।2 दिन में 9 राज्यों में नए प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की तस्वीर साफ हो जाएगी। भाजपा के संविधान के अनुसार, राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव 50 प्रतिशत राज्यों में चुनाव होने के बाद ही होता है। फिलहाल भाजपा की 37 मान्यता प्राप्त स्टेट यूनिट हैं। इनमें से अब तक 14 राज्यों में अध्यक्ष चुने जा चुके हैं। मंगलवार को 19 राज्यों के अध्यक्ष चुन लिए जाएंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष जुलाई में चुने जा सकते हैं।

**सीएम मोहन ने जमा करवाया नामांकन**

बता दें कि हेमंत खंडेलवाल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ धर्मेंद्र प्रधान, विवेक शेजवलकर और सरोज पांडे के सामने नामांकन दाखिल किया। बतौर प्रस्तावक मुख्यमंत्री ने नामांकन जमा करवाया। उनके साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा भी उनके प्रस्तावक बने। इस दौरान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद रहे। उनके साथ केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक, डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल, ज्योतिरादित्य सिंधिया, जगदीश देवड़ा, प्रह्लाद पटेल, सावित्री ठाकुर भी मौजूद रहे। हेमंत खंडेलवाल का सिंगल नामांकन दाखिल हुआ।

**विरासत में मिली राजनीति**

खंडेलवाल मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मथुरा के रहने वाले हैं। उनका जन्म 3 सितंबर 1964 को मथुरा में हुआ था। खंडेलवाल को राजनीति और समाजसेवा के संस्कार अपने पिता स्वर्गीय विजय कुमार खंडेलवाल से विरासत में मिले हैं। विजय कुमार खंडेलवाल भाजपा से सांसद रह चुके हैं। पिता के निधन के बाद हेमंत खंडेलवाल ने उनकी राजनीतिक और समाजिक विरासत संभाली। हेमंत अपने पिता के समय से ही जनसेवा के लिए समर्पित रहे हैं। हेमंत खंडेलवाल बैतूल विधानसभा सीट से विधायक हैं।




## झारखंड के गुमला में महिला की हत्या, पति-सौतन गिरफ्तार, वारदात को हादसा बताने की कोशिश नाकाम

गुमला (आरएनएस)। झारखंड के गुमला जिले में रिजवाना परवीन नामक एक महिला की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने उसके पति शमशाद अंसारी और उसकी दूसरी पत्नी अफसाना खातून को गिरफ्तार किया है। सिसई थाना क्षेत्र में रिजवाना परवीन की मौत 28 जून को हुई थी, जिसे हादसा बताकर मामले को रफा-दफा करने की कोशिश की गई थी।एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने सोमवार को मीडिया को पूरे घटनाक्रम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रिजवाना खातून के भाई की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच की तो इस बात का खुलासा हुआ कि हत्या करने के बाद आरोपी इसे हादसे का रूप देने की कोशिश में जुटे थे।बताया गया कि शमशाद ने तीन शादियां की है। पहली पत्नी ने उसे छोड़ दिया था। दूसरी पत्नी अफसाना खातून दो बच्चों के साथ पति के पास रहती थी।

## सोनम और राज ने पहले ही कर ली थी शादी! पुलिस को मिले 2 मंगलसूत्र

### प्रॉपर्टी ब्रोकर शिलोम जेम्स के पास से किया बरामद



इंदौर, (आरएनएस)। इंदौर के कारोबारी राजा रघुवंशी हत्याकांड मामले में बड़ा अपडेट सामने आया है। बताया जा रहा है कि राजा और सोनम ने पहले ही शादी कर ली थी! सोनम रघुवंशी के पास दो मंगलसूत्र थे। सूत्रों के मुताबिक, एक राज ने और दूसरा राजा के परिवार ने दिया था। प्रॉपर्टी ब्रोकर शिलोम जेम्स के पास सोनम-राजा की ज्वेलरी मिली थी। सोनम ने जो मंगलसूत्र पहना था, वह राज का था।दरअसल, हनीमून मिस्ट्री को सुलझाने के लिए शिलांग पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। 2 जून को राजा रघुवंशी का शव शिलांग से 80 किलोमीटर दूर गहरी खाई में मिला था, उसके बाद कार्रवाई करते हुए राजा की पत्नी सोनम रघुवंशी और उसके प्रेमी राज कुशवाहा, साथी आनंद कर्मी, आकाश राजपूत और विशाल चौहान की गिरफ्तारी हुई थी।

**काले बैग का खुला राज**

पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ था कि सोनम रघुवंशी अपने आरोपी साथियों के साथ इंदौर आई थी और 14 दिनों तक इंदौर में ही रही थी। विशाल चौहान ने इंदौर में प्रॉपर्टी ब्रोकर शिलोम जेम्स से किराए पर एक फ्लैट लिया था। इस फ्लैट का मालिक लोकेंद्र तोमर है। सोनम इसी फ्लैट में रुकी थी, वहां पर एक काले बैग होने की बात भी सामने आई। पुलिस वहां पहुंची तो काला बैग नहीं मिला।

इसके बाद फ्लैट से लेकर जिस नाले में पैकेट फेंका गया था उस पैकेट को बरामद किया।

जिसमें पुलिस ने पिस्टल और जिस बैग को जला दिया था उस बैग के सबूत जताते हुए फोरेंसिक जांच के लिए भेजे गए। इस मामले में सबूत मिटाने के आरोप के चलते प्रॉपर्टी ब्रोकर शिलोम जेम्स और फ्लैट के चौकीदार बाली उर्फ बलवीर को अशोकनगर और फ्लैट मालिक लोकेंद्र तोमर को ग्वालियर से गिरफ्तार कर शिलांग ले जाया गया।रतलाम में शिलोम के ससुराल से ज्वेलरी बरामद SIT को सूचना मिली थी कि आरोपियों ने रतलाम में आभूषण बेचे थे। तीन दिनों के बाद ही शिलांग पुलिस शिलोम को लेकर वापस इंदौर पहुंची। यहां से शिलोम के साथ उसकी पत्नी और साली को लेकर रतलाम में ससुराल मनोज गुप्ता के घर गई और तलाशी के दौरान एक बैग जब्त किया

## नदी में डूबने से मामा-भांजा की मौत, 5 घंटे बाद मिले दोनों नाबालिगों के शव

मुरैना (आरएनएस)। मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के एक गांव में दर्दनाक हादसा हो गया। क्वांरी नदी में नहाते समय डूबने से दो नाबालिगों के मौत हो गई है। दोनों मृतकों की उम्र 15-16 साल और रिश्ते में मामा-भांजा लगते थे। दोनों के शव पांच घंटे के बाद नदी से बाहर निकाला जा सका। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।दरअसल घटना देवगढ़ थाना क्षेत्र के खिटौरा गांव की है। खिटौरा गांव निवासी 16 वर्षीय सूरज पुत्र विशाल राजावत और उसका भांजा कृष्णा पुत्र वीरपाल सिंह परमार उम्र 15 साल निवासी जगनेर, जिला आगरा उत्तर प्रदेश, घर से बाहर निकले और दोनों लौटकर नहीं आए।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में आवेदकों को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत फलदार पौधे भेंट किये



झाबुआ (ए.)। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कलेक्टर नेहा मीना ने जनसुनवाई में आये आवेदकों को फलदार वृक्षों आम, अमरूद, जामुन, आँवला आदि के पौधें सांकेतिक रूप से भेंट किये। कलेक्टर नेहा मीना ने सभी आवेदकों से अपनी मां के नाम पौधारोपण करने की अपील की। एक वृद्ध ने कलेक्टर को बताया कि उनकी मां को गुजरे बहुत समय हो गया है उनकी याद में वे पौधा जरूर लगायेंगे। एक ग्रामीण ने बताया कि वे डूंगर पर जाकर पौधा रोपण करेंगे। एक महिला अपने बच्चे के साथ आयी जिसने बताया कि वे खेत में जाकर पौधा लगाऐंगी। कलेक्टर नेहा मीना ने बताया कि आने वाले 2 माह में हर सप्ताह जनसुनवाई में आये आवेदकों को सांकेतिक रुप से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे दिये जायेंगे। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में पौधे भेंट करने से जागरूकता बढ़ेगी, विभिन्न गाँवो से आए ग्रामीणो के द्वारा फलदार पौधों का रोपण किये जाने से फल प्राप्त होंगे साथ ही अभियान का फैलाव दूरस्थ आँचल तक हो सकेगा। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जितेन्द्र सिंह चौहान, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व झाबुआ भास्कर गाचले, उप संचालक कृषि एन एस रावत एवं तहसीलदार सुनिल डावर उपस्थित रहे।

### जनसुनवाई में कलेक्टर ने आवेदक को इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल प्रदाय की

झाबुआ (ए.)। भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता (एडिप योजना) अंतर्गत श्री कचरु पिता मोहनसिंह डामोर निवासी पिपलिया पारा रोड़ तहसील झाबुआ को जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत करने पर कलेक्टर नेहा मीना द्वारा (इलेक्ट्रिक बैट्री) वाली ट्राई साइकिल प्रदाय की गई। श्री कचरु पिता मोहनसिंह डामोर द्वारा कलेक्टर नेहा मीना के समक्ष उपस्थित होकर आवेदन दिया कि दैनिक जीवन में आवागमन की सुलभता हेतु इलेक्ट्रिक ट्राई साइकिल की मांग की गयी। कलेक्टर ने सामाजिक न्याय विभाग उप संचालक से उपलब्धता के बारें में जानकारी लेकर एडिप योजनान्तर्गत ट्राई साइकिल दिये जाने हेतु निर्देशित किया।

## शहर में रात के अंधेरे में मौत बनकर घूम रहे हथियारबंद लुटेरे, एक ही रात चार वारदातें सीसीटीवी में कैद हुई दहशत, कैंट थाने में मामला दर्ज

गुना (ए.)। शहर की सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए हथियारबंद लुटेरे और चोर इन दिनों रात के अंधेरे में मौत बनकर शहर की गलियों में घूम रहे हैं। पिछले कुछ समय से शहर के कई इलाकों में लगातार चोरी और सेंधमारी की वारदातें सामने आ रही हैं, जिससे शहरवासी गहरे डर और तनाव में जी रहे हैं। चोरों का दुस्साहस इतना बढ़ गया है कि अब वे घरों के ताले तोडक़र, खिडक़ी की ग्रिल उखाडक़र और हथियारों के साथ वारदातों को अंजाम देने से भी नहीं हिचक रहे।



पूर्व में बीजी रोड स्थित एक पॉश कॉलोनी में आधा दर्जन से अधिक हथियारबंद बदमाशों द्वारा घरों में घुसने की कोशिश की गई थी। यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई थी, जिसके फुटेज सामने आने के बाद लोगों में भारी आक्रोश और डर का माहौल बना हुआ है। इसी कड़ी में बीती रात कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत शुक्ला कॉलोनी सहित कई मोहल्लों में चोरों ने आतंक मचाया। चोर इस कदर बेखौफ है सीसीटीव्ही कैमरों की फुटेज में वह डांस करते और मस्ती करते दिखे रहे हैं।शुक्ला कॉलोनी में गत दरमियानी रात करीब 2:20 बजे अज्ञात चोरों ने कई घरों को निशाना बनाया। वारदात से पहले उन्होंने घरों की तांका-झांकी की और कुछ मकानों के ताले भी तोड़ दिए।

## कलेक्टर श्रीमती चौहान ने सुनीं आमजनों की समस्यायें



ग्वालियर (ए.)। जन-सुनवाई में जन सामान्य से प्राप्त आवेदनों का निराकरण तत्परता से व समयबद्ध कार्यक्रम के तहत करें। यह निर्देश कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जिला प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आमजन की समस्यायें सुनीं और उनके आवेदनों के निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने जन-सुनवाई के बाद कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में भी लोगों को बुलाया और एक - एक कर सभी की समस्यायें सुनीं। मंगलवार एक जुलाई को कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में बड़ी संख्या में लोगों ने जन-सुनवाई में पहुँचकर अपनी समस्यायें बताईं। जन-सुनवाई कक्ष में जिला पंचायत सीईओ विवेक कुमार एवं अपर कलेक्टर कुमार सत्यम सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने जन सामान्य की समस्यायें सुनीं और उनके आवेदनों के निराकरण की रूपरेखा तय की।

# सांसद श्री सिंह ने वितरित किये पानी के टैंकर




सतना (ए.)। सतना सांसद गणेश सिंह ने मंगलवार को ग्राम पंचायतों को पानी के टैंकरों का वितरण किया। उन्होंने कहा कि ये बहुउद्देशीय टैंकर न केवल भीषण गर्मी में पेयजल संकट से जूझ रहे परिवारों तक राहत पहुंचायेंगे, बल्कि आगजनी जैसी आपातकालीन स्थितियों में भी बचाव कार्य के लिए उपलब्ध रहेंगे। इसके अलावा इन टैंकरों का उपयोग सार्वजनिक निर्माण कार्यों (जैसे सड़क निर्माण) में पानी की आपूर्ति, धूल भरी सड़कों पर छिड़काव, सामुदायिक स्वच्छता अभियानों और वृक्षारोपण कार्यक्रमों में पौधों की सिंचाई के लिए भी किया जाएगा। सांसद ने ग्राम पंचायतों के लिए 20 टैंकरों का भी वितरण किया।

## नेशनल डॉक्टर्स - डे के अवसर पर डीपीएस में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

सागर(ए.)। सागर में 01 जुलाई 2025, मंगलवार देश के सबसे सम्मानित चिकित्सकों में से एक और सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल के दूरदर्शी डॉ. बिधान चंद्र रॉय के सम्मान में प्रति वर्ष भारत में राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस मनाया जाता है। आज उन्हीं के सम्मान में शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान दिल्ली पब्लिक स्कूल सागर में भी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत कक्षा पहली से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया तथा साथ ही थैलीसीमिया से पीढ़ित बच्चों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।शिविर की प्रभारी शिक्षिका अनीता जैन ने जानकारी देते हुए बताया, कि इस बार केम्प बड़े स्तर पर आयोजित कराया गया था, जिसमें जिला चिकित्सालय, भाग्योदय तीर्थ चिकित्सालय, व संजीवनी चिकित्सालय के चिकित्सकों ने विद्यार्थियों



के स्वास्थ्य का परीक्षण किया है। कक्षा ग्यारहवीं व बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए सेमीनार भी आयोजित किया गया था। भाग्योदय तीर्थ चिकित्सालय से आए मेडीकल ऑफीसर डॉ. रक्षित शर्मा, डॉ. स्वदेश सोनी, डॉ. दीप्ति शर्मा, डॉ. सुभांगी ने विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधित उचित परामर्श प्रदान किया तथा उपचार का उपाय बताया। डॉ. अभिषेक जैन (संजीवनी हॉस्पिटल) ने सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों में आयु की वृद्धि के साथ उत्पन्न होने वाली शारीरिक समस्याओं के संबंध में जानकारी दी व उपचार के उपाय भी बताए।वहीं जिला चिकित्सालय द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया था। जिसमें विद्यालय के निदेशक इंजी. राहुल सराफ, विद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविकान्त बाजपेयजुला, विद्यालय के शिक्षकों, तृतीय - चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों सहित 30 लोगों रक्तदान किया।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविकांत बाजपेयजुला ने शिविर को लेकर बताया, कि 'स्वास्थ्य तन में ही स्वास्थ्य मन का वास होता है', ज्ञानार्जन और उत्तम जीवन के लिए उत्तम स्वास्थ्य चाहिए। विद्यार्थी स्वास्थ्य रहें और सुखमय विद्योपार्जन कर सकें, इसी उद्देश्य को लेकर विद्यालय हर साल नेशनल डॉक्टर्स - डे पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित कराता है।

## प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के इच्छुक विद्यार्थियों से 10 जुलाई तक आवेदन मांगे

### शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में अजा एवं अजजा के विद्यार्थियों को कराई जाती है प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी

ग्वालियर(ए.)। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी कराने के लिये ग्वालियर में शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र संचालित है। शारदा विहार सिटी सेंटर में संचालित इस परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग कर्मचारी चयन मण्डल, रेलवे, एसएससी इत्यादि परीक्षाओं की तैयारी करने के इच्छुक अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थी आवश्यक प्रमाण-पत्रों के साथ 10 जुलाई तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में 150 स्थान स्वीकृत हैं। शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र के प्राचार्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशिक्षण केन्द्र में सामान्य ज्ञान, विज्ञान व तकनीकी, अंग्रेजी, भूगोल, संविधान, इतिहास, कम्प्यूटर, गणित, रीजनिंग व अर्थशास्त्र आदि विषयों का अध्यापन विशेषज्ञ शिक्षकों के माध्यम से कराया जाता है।

## व्यापार समाचार

# डिजिटल इंडिया के 10 साल : एक डिजिटल डिवाइड वाले देश से डिजिटल विश्वगुरु बनने तक भारत की परिवर्तनकारी यात्रा




नई दिल्ली (आरएनएस)। एक दशक पहले तक जिसे डिजिटल असमानता और सीमित तकनीकी पहुंच के लिए जाना जाता था, भारत ने बीते 10 वर्षों में डिजिटल इंडिया अभियान के जरिए खुद को दुनिया की डिजिटल राजधानी के रूप में स्थापित कर लिया है। 1 जुलाई 2015 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई इस महत्वाकांक्षी योजना ने आज देश के करोड़ों नागरिकों को न सिर्फ तकनीक से जोड़ा है, बल्कि शासन, अर्थव्यवस्था और समाज में पारदर्शिता और जवाबदेही की नई इबारत भी लिखी है।


डिजिटल इंडिया अभियान के तहत आज 95 प्रतिशत से अधिक गांवों में इंटरनेट पहुंच चुका है। 2014 में जहां ग्रामीण टेलीफोन कनेक्शन 37.77 करोड़ थे, वहीं 2025 तक यह आंकड़ा बढ़कर 53.66 करोड़ हो गया है। इसके साथ ही, इंटरनेट यूजर्स की संख्या 2014 में 25 करोड़ से बढ़कर 2025 में 97 करोड़ तक पहुंच गई है। यानी 288 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

भारत अब अमेरिका और चीन के बाद तीसरी सबसे बड़ी डिजिटल अर्थव्यवस्था बन गया है, जिससे यूके, जर्मनी और दक्षिण कोरिया जैसे विकसित देश भी पीछे छूट गए हैं। 2022-23 में डिजिटल अर्थव्यवस्था का राष्ट्रीय आय में योगदान 11.74 प्रतिशत था, जो 2024-25 तक 13.42 प्रतिशत और 2029–30 तक 20 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है।

भारत की अपनी यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) आज यूएई, सिंगापुर, फ्रांस, भूटान, नेपाल, श्रीलंका और मॉरीशस जैसे देशों में उपयोग हो रही है। 2025 के मई महीने में यूपीआई से 25.14 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड ट्रांजैक्शन हुआ, जो एक मूक क्रांति की गवाही देता है। बिल गेट्स ने भारत की यूपीआई और आधार व्यवस्था को डिजिटल गवर्नेंस का स्वर्ण मानक बताया है।

इसके साथ ही, डीबीटी के जरिए अब तक 44 लाख करोड़ रुपये सीधे लाभार्थियों तक पहुंचे हैं। इस व्यवस्था से सरकार को 3.48 लाख करोड़ रुपये की बचत हुई है, जिसमें से अकेले 1.85 लाख करोड़ की बचत खाद्य सब्सिडी से हुई है। इसके जरिए 5.87 करोड़ फर्जी राशन कार्ड और 4.23 करोड़ फर्जी एलपीजी कनेक्शन रद्द किए गए हैं। भारतनेट योजना के जरिए 2.18 लाख ग्राम पंचायतों तक हाई-स्पीड इंटरनेट पहुंच चुका है। पीएमजी दिशा के अंतर्गत 4.78 करोड़ ग्रामीणों को डिजिटल साक्षरता दी गई। दिलचस्प बात यह है कि 45 प्रतिशत स्टार्टअप टियर-2 और टियर-3 शहरों से आ रहे हैं, जिससे भारत का ग्रामीण इलाका डिजिटल नवाचार का नया केंद्र बन गया है।

# 58 रुपए सस्ता हुआ कमर्शियल गैस सिलेंडर



### - होटल-रेस्टोरेंट वालों को मिलेगी राहत

नई दिल्ली (ए.)। तेल कंपनियों ने 1 जुलाई से 19 किलो वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर के भाव कम कर दिए हैं। हर महीने की पहली तारीख को कंपनियां सिलेंडर के दाम अपडेट करती हैं और इस बार दाम में 58.50 की कटौती की गई है। हालांकि, घरेलू सिलेंडर (14.2 किलो) की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इन शहरों में कमर्शियल सिलेंडर की कीमत इस प्रकार है- दिल्ली में अब 19 किलो का सिलेंडर 1723.50 की जगह 1665 में मिलेगा, नोएडा में 1747.50, कोलकाता में 1826 की जगह 1769, मुंबई में 1674.50 से घटकर 1616 और चेन्नई में यह सिलेंडर 1881 की जगह 1823.50 रुपए में मिलेगा। कमर्शियल सिलेंडर के सस्ते होने से होटल, रेस्टोरेंट और दूसरे व्यापारियों को राहत मिलेगी क्योंकि इन जगहों पर गैस की खपत ज्यादा होती है। आईओसीएल के आंकड़ों के अनुसार लगातार चौथे महीने में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में गिरावट देखने को मिली है। वहीं लगातार चार महीनों में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर में करीब 140 रुपए की गिरावट देखने को मिल चुकी है। आईओसीएल के आंकड़ों के अनुसार दिल्ली में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 138 रुपए की गिरावट देखी गई है। जबकि कोलकाता में कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 144 रुपए दाम कम हुए हैं। इसके अलावा मुंबई की बात करें तो यहां पर कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 139 रुपए की गिरावट देखी गई है। जबकि चेन्नई में इस दौरान कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में 141.5 रुपए की गिरावट देखी जा चुकी है।

# रुपया बढ़त के साथ बंद



मुंबई (ए.)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया 26 पैसे की बढ़त के साथ ही 85.50 पर बंद हुआ। वहीं शुरुआती कारोबार में 42 पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.34 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी डॉलर के कई महीने के निचले स्तर पर पहुंचने और घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख से रुपये को बल मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 85.66 पर खुला। शुरुआती कारोबार में 85.34 प्रति डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से 42 पैसे की बढ़त को बताता है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.76 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.17 फीसदी की गिरावट के साथ 96.71 पर आ गया।

## ब्लैक बॉक्स ने वित्त वर्ष 2028-29 तक राजस्व दोगुना कर दो अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा

मुंबई (आरएनएस)। एस्सार ग्रुप की टेक्नोलॉजी शाखा ब्लैक बॉक्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2028-29 तक अपना राजस्व दोगुना कर दो अरब डॉलर तक करने का लक्ष्य रखा है। यह जानकारी जेएम फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशनल सिक्योरिटीज लिमिटेड की रिपोर्ट में सामने आई है। डेटा सेंटर और एंटरप्राइज नेटवर्किंग क्षेत्रों में बढ़ती मांग और मजबूत ऑर्डर बुक से कंपनी के यह लक्ष्य हासिल करने की उम्मीद है।

रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी के नए ऑर्डर 21.8 करोड़ डॉलर तक पहुंच चुके हैं, जिसका बुक टू बिल अनुपात 1.22 है। वहीं, कुल ऑर्डर बुक 50.4 करोड़ डॉलर तक पहुंच गया है, जो सालाना आधार पर सात प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। रिपोर्ट बताती है कि ब्लैक बॉक्स के पास 2.5 अरब डॉलर की संभावित डील पाइपलाइन में है, जो भविष्य में तेज विकास की स्पष्टता प्रदान करती है। खास बात यह है कि वैश्विक आईटी खर्च 2024 में 5.27 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, जिससे कंपनी को बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है।

ब्लैक बॉक्स का वर्टिकलाइज्ड सेल्स मॉडल इसके शीर्ष 300 वैश्विक ग्राहकों पर केंद्रित है, जिनमें मेटा, इंटेल, डिजनी और बैंक ऑफ अमेरिका जैसी फॉर्च्यून 500 कंपनियां शामिल हैं। कंपनी इन अकाउंट्स से वॉलेट शेयर बढ़ाने की रणनीति पर काम कर रही है।

## फिर से बढ़े सोने के भाव, चांदी के दाम में गिरावट

### - सोने के भाव 96,700 रुपए, चांदी लगभग 1,06,300 रुपए प्रति किलो

नई दिल्ली (ए.)। सोने के वायदा कारोबार की शुरुआत में मंगलवार को तेजी देखी जा रही है। जबकि चांदी में सुस्ती देखने को मिल रही है। इस समय घरेलू बाजार में सोने के भाव 96,700 रुपये, जबकि चांदी के




भाव 1,06,300 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। लेकिन बाद में चांदी के भाव लुढ़क गए। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रेक्ट 396 रुपये की तेजी के साथ 96,471 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 96,075 रुपये था। इस समय यह कॉन्ट्रेक्ट 615 रुपये की तेजी के साथ 96,690 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रेक्ट 102 रुपये की गिरावट के साथ 1,06,190 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,06,292 रुपये था। इस समय यह 22 रुपये की गिरावट के साथ 1,06,270 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। हालांकि चांदी के भाव बाद में लुढ़क गए। कॉमेक्स पर सोना 3,315.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला।

# शेयर बाजार हल्की बढ़त पर बंद

### सेंसेक्स 91 अंक , निफ्टी 25 अंक ऊपर आया

मुम्बई (ए.)। भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को हल्की बढ़त पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी बाजार ज्यादा ऊपर नहीं आ पाया। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई संसेक्स 90.83 अंकों की बढ़त के साथ ही 83,697.29 अंकों पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी 24.75 अंकों की बढ़त के साथ ही 25,541.80 अंकों पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 में से सिर्फ 13 कंपनियों के शेयर ही बढ़त के साथ ऊपर आकर बंद हुए, जबकि बाकी की सभी 17 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ ही नीचे बंद हुए। निफ्टी की 50 में से 24 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ ही लाभ पर बंद हुए और बाकी की 26 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ ही नीचे आये। आज सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल बीईएल के शेयर सबसे ज्यादा 2.51 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुए जबकि एक्सिस बैंक के शेयर आज सबसे ज्यादा 2.13 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुए।

सेंसेक्स की अन्य कंपनियों में आज रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर 1.84 फीसदी, एशियन पेंट्स 1.18 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट 1.10 फीसदी, कोटक



महिंद्रा बैंक 0.93 फीसदी, एचडीएफसी बैंक 0.60 फीसदी, टाइटन 0.30फीसदी, भारती एयरटेल 0.29 फीसदी, भारतीय स्टेट बैंक 0.04 फीसदी और इंफोसिस के शेयर 0.04 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुए।वहीं दूसरी ओर आज , टेक महिंद्रा 1.05 फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक 0.95 फीसदी, टीसीएस 0.89 फीसदी, एनटीपीसी 0.70 फीसदी, पावरग्रिड 0.67 फीसदी, एचसीएल टेक 0.60 फीसदी, टाटा मोटर्स 0.60 फीसदी, सनफार्मा 0.57 फीसदी, अडाणी पोर्ट्स 0.37 फीसदी, आईटीसी 0.31 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.25 फीसदी, मारुति सुजुकी 0.23 फीसदी नुकसान के साथ बंद हुए।वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार हरे निशान में खुले। शुरुआती कारोबार में ऑटो और आईटी सेक्टर में खरीदारी देखी गई। सेंसेक्स 188.66 अंक बढ़कर 83,795.12 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 54.80 अंक बढ़कर 25,571.85 पर कारोबार कर रहा था।

## डिजिटल इंडिया महज एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, जन आंदोलन बन गया है : निर्मला सीतारमण

नई दिल्ली (आरएनएस)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि डिजिटल इंडिया महज एक सरकारी कार्यक्रम नहीं रह गया है, बल्कि यह एक जन आंदोलन बन गया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि 'डिजिटल इंडिया' 'आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण और भारत को दुनिया के लिए एक विश्वसनीय इनोवेशन पार्टनर बनाने से जुड़ा है।वित्त मंत्री ने 'डिजिटल इंडिया' मिशन के 10 सफल वर्ष पूरे होने पर लिखा, देश के दूरदराज के इलाकों में इंटरनेट की पहुंच बनाने से लेकर सरकारी सेवाओं को ऑनलाइन उपलब्ध कराने तक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की 'डिजिटल इंडिया' पहल ने वास्तव में पूरे देश में डिजिटल डिवाइड को खत्म कर दिया है। उन्होंने एक दूसरी पोस्ट में लिखा, स्कैन, पे, डन। भारत की यूपीआई क्रांति दुनिया के लगभग आधे रियल टाइम के डिजिटल लेनदेन को संचालित करती है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के अनुसार, यूपीआई, डीबीटी, जीईएम, ओएनडीसी, स्वामित्व और कई अन्य पहलों के साथ, देश डिजिटल गवर्नेंस से ग्लोबल डिजिटल लीडरशिप की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लिखते हैं, जब इरादा सही हो, तो इनोवेशन कम सशक्त लोगों को सशक्त बनाता है। पीएम मोदी ने लिंक्डइन पर एक पोस्ट में कहा कि 'डिजिटल इंडिया' 'आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण और भारत को दुनिया के लिए एक विश्वसनीय इनोवेशन पार्टनर बनाने के लिए महत्वपूर्ण है।

## सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

# वेबकास्टिंग फुटेज सार्वजनिक करना सही नहीं

चुनाव आयोग ने कहा है कि मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग फुटेज सार्वजनिक करना सही नहीं है। इससे मतदाताओं या समूहों की पहचान करना आसान हो जाएगा।मत देने या मत न देने वाला, दोनों ही असामाजिक तत्वों के दबाव, भेदभाव या धमकी का शिकार हो सकते हैं। यह मतदाताओं की सुरक्षा, गोपनीयता व जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950-51 में निर्धारित कानूनी प्रावधानों व सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का उल्लंघन होगा।लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को दिए जवाब में आयोग ने यह कहा जिसमें चुनाव धांधली के आरोपों के बाद सीसीटीवी फुटेज की मांग की गई थी। इससे पहले गांधी ने सोशल माडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, वोटर लिस्ट? मशीन रीडेबल फाम्रेट नहीं देंगे, सीसीटीवी फुटेज? कानून बदल कर छिपा दी।आगे उन्होंने लिखा-साफ दिख रहा है-मैच फिक्स है और फिक्स किया गया चुनाव, लोकतंत्र के लिए जहर है। दरअसल, आयोग के अनुसार, चुनाव के दौरान ली गई तस्वीरें, वीडियो व बेवकास्टिंग सिर्फ पैंतालीस दिन तक सुरक्षित रखी जाएंगी। किसी निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव नतीजों को अदालत में चुनौती नहीं दी जाती तो पैंतालीस दिन बाद यह डाटा नष्ट कर दिया जाएगा। कांग्रेस इसका शुरू से ही दोहरा रही है कि यह डाटा साल भर तक सुरक्षित रखा जाता था। कांग्रेस इसे चुनाव आयोग व मोदी सरकार की मिली-भगत ठहराते हुए लोक तांत्रिक व्यवस्था को खत्म करने की साजिश बता रही है। बेशक, आयोग के तर्क अपनी जगह उचित हैं मगर उसे सरकार के दबाव में आए बगैर अपनी स्वायत्तता का ख्याल रखना चाहिए।विपक्षी दलों की दलीलें सुनना उसका जिम्मा है। आशंकाओं व चिंताओं को मिटाने के प्रति उसे जवाबदेह भी होना होगा। लोकतांत्रिक व्यवस्था में न केवल विपक्षी राजनीतिक दल, बल्कि स्वयं मतदाता भी अपनी जिज्ञासाएं रखने को स्वतंत्र है। मतदाताओं की सुरक्षा व गोपनीयता निश्चित रूप से बेहद जरूरी हैं।मगर अपने उम्मीदवार के पक्ष-विपक्ष या धांधली के आरोपों की पुष्टि कराना भी दलों का जिम्मा है। अव्वल तो गांधी को बगैर सबूतों के इतने गंभीर आरोप लगाने से बचना चाहिए परंतु आयोग को भी उनकी आशंकाएं मिटाने का भरपूर प्रयास करना होगा।

# मध्यम वर्गीय परिवार नहीं फंसे ऋण के जाल में

प्रहलाद सबनानी


*हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर में 5 आधार बिंदुओं की कमी की है। इसके साथ ही, निजी क्षेत्र के बैंकों, सरकारी क्षेत्र के बैंकों एवं क्रेडिट कार्ड कम्पनियों सहित अन्य वित्तीय संस्थानों ने भी अपने ग्राहकों को प्रदान की जा रही ऋणराशि पर लागू ब्याज दरों में कमी की घोषणा करना प्रारम्भ कर दिया है ताकि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में की गई कमी का लाभ शीघ्र ही भारत में ऋणदाताओं तक पहुंच सके एवं इससे अंततः देश की अर्थव्यवस्था को बल मिल सके। भारत में चूंकि अब मुद्रा स्फीति की दर नियंत्रण में आ गई है, अतः आगे आने वाले समय में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में और अधिक कमी की जा सकती है। इस प्रकार, बहुत सम्भव है ऋणराशि पर लागू ब्याज दरों में कमी के बाद कई नागरिक जिन्होंने पूर्व में कभी बैंकों से ऋण नहीं लिया है, वे भी ऋण लेने का प्रयास करें।*




बैंक से ऋण लेने से पूर्व इस बात का ध्यान रखना आवश्यक है कि इस ऋण को चुकता करने की क्षमता भी ऋणदाता में होनी चाहिए अर्थात ऋणदाता की पर्याप्त मासिक आय होनी चाहिए ताकि बैकों द्वारा प्रदत्त ऋण की किश्त एवं ब्याज का भुगतान पूर्व निर्धारित समय सीमा के अंदर किया जा सके। इस संदर्भ में विशेष रूप से युवा ऋणदाताओं द्वारा क्रेडिट कार्ड के उपयोग पश्चात संबंधित राशि का भुगतान समय सीमा के अंदर अवश्य करना चाहिए क्योंकि अन्यथा क्रेडिट कार्ड एजेंसी द्वारा चूक की गई राशि पर भारी मात्रा में ब्याज वसूला जाता है, जिससे युवा ऋणदाता ऋण के जाल में फंस जाते हैं। बैकों से लिए गए ऋण की मासिक किश्त एवं इस ऋणराशि पर ब्याज का भुगतान यदि निर्धारित समय सीमा के अंदर नहीं किया जाता है तो चूककर्ता ऋणदाता से बैकों द्वारा दंडात्मक ब्याज की वसूली की जाती है। इसी प्रकार, कई नागरिक जो क्रेडिट कार्ड का उपयोग करते हैं एवं इस क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध उपयोग की गई राशि का भुगतान यदि वे निर्धारित समय सीमा के अंदर नहीं कर पाते हैं तो इस राशि पर चूक किए गए क्रेडिट कार्ड धारकों से भारी भरकम ब्याज की दर से दंड वसूला जाता है। कभी कभी तो दंड की यह दर 18 प्रतिशत से 24 प्रतिशत के बीच रहती है। क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने वाले नागरिक कई बार इस उच्च ब्याज दर पर वसूली जाने वाली दंड की राशि से अनभिज्ञ रहते हैं। अत: बैंकों से ली जाने वाली ऋणराशि एवं क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध उपयोग की जाने वाली राशि का समय पर भुगतान करने के प्रति ऋणदाताओं को सजग रहने की आवश्यकता है। कुल मिलाकर यह ऋणदाताओं के हित में है कि वे बैंक से लिए जाने वाले ऋण की राशि तथा ब्याज की राशि एवं क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध उपयोग की जाने वाली राशि का पूर्व निर्धारित एवं उचित समय सीमा के अंदर भुगतान करें क्योंकि अन्यथा की स्थिति में उस चूककर्ता नागरिक की क्रेडिट रेटिंग पर विपरीत प्रभाव पड़ता है एवं आगे आने वाले समय में उसे किसी भी वित्तीय संस्थान से ऋण प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है एवं बहुत सम्भव है कि भविष्य में उसे किसी भी वित्तीय संस्थान से ऋण प्राप्त ही न हो सके। ऋणदाता यदि किसी प्रामाणिक कारणवश अपनी किश्त एवं ब्याज का बैंकों अथवा क्रेडिट कार्ड कम्पनी को समय पर भुगतान नहीं कर पाता है

और उसका ऋण खाता यदि गैर निष्पादनकारी आस्ति में परिवर्तित हो जाता है तो इस संदर्भ में चूककर्ता ऋणदाता द्वारा बैकों को समझौता प्रस्ताव दिए जाने का प्रावधान भी है। इस समझौता प्रस्ताव के माध्यम से चूककर्ता ऋणदाता द्वारा सम्बंधित बैंक अथवा क्रेडिट कार्ड कम्पनी को मासिक किश्त एवं ब्याज की राशि को पुनर्निर्धारित किए जाने के सम्बंध में निवेदन किया जा सकता है। परंतु, यदि ऋणदाता ऋण की पूरी राशि, ब्याज सहित, अदा करने में सक्षम नहीं है तो चूक की गई राशि में से कुछ राशि की छूट प्राप्त करने एवं शेष राशि को एकमुश्त अथवा किश्तों में अदा करने के सम्बंध में भी समझौता प्रस्ताव दे सकता है। ऋण की राशि अथवा ब्याज की राशि के सम्बंध के प्राप्त की गई छूट की राशि का रिकार्ड बनता है एवं समझौता प्रस्ताव के अंतर्गत प्राप्त छूट के चलते भविष्य में उस ऋणदाता को बैकों से ऋण प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है, इस बात का ध्यान चूककर्ता ऋणदाता को रखना चाहिए। अत: जहां तक सम्भव को ऋणदाता द्वारा समझौता प्रस्ताव से भी बचा जाना चाहिए एवं अपनी ऋण की निर्धारित किश्तों एवं ब्याज का निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत भुगतान करना ही सबसे अच्छा रास्ता अथवा विकल्प है।

भारत में तेज गति से हो रही आर्थिक प्रगति के चलते मध्यमवर्गीय नागरिकों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है, जिनके द्वारा चार पहिया वाहनों, स्कूटर, फ्रिज, टीवी, वॉशिंग मशीन एवं मकान आदि आस्तियों को खरीदने हेतु बैकों अथवा अन्य वित्तीय संस्थानों से ऋण लिया जा रहा है। कई बार मध्यमवर्गीय परिवार एक दूसरे की देखा देखी आपस में होड़ करते हुए भी कई उत्पादों को खरीदने का प्रयास करते हुए दिखाई देते हैं, चाहे उस उत्पाद विशेष की आवश्यकता हो अथवा नहीं। उदाहरण के लिए एक पड़ौसी ने यदि अपने चार पहिया वाहन का एकदम नया मॉडल खरीदा है तो जिस पड़ौसी के पास पूर्व में ही चार पहिया वाहन उपलब्ध है वह पुराने मॉडल के वाहन को बेचकर पड़ौसी द्वारा खरीदे गए नए मॉडल के चार पहिया वाहन को खरीदने का प्रयास करता है और बैंक के ऋण के जाल में फंस जाता है। यह नव धनाडय वर्ग यदि बैक से लिए गए ऋण की किश्त एवं ब्याज की राशि का निर्धारित समय सीमा के अंदर भुगतान नहीं कर पाता है तो उस नागरिक विशेष के वित्तीय रिकार्ड पर धब्बा लग सकता है जिससे उसके लिए उसके शेष जीवन में बैकों एवं अन्य वित्तीय संस्थानों से पुन: ऋण लेने में कठिनाई आ सकती है। अत: बैकों से ऋण प्राप्त करने वाले नागरिकों को ऋण की किश्त का समय पर भुगतना करना स्वयं उनके हित में हैं, ताकि भारत में तेज हो रही आर्थिक प्रगति का लाभ आगे आने वाले समय में भी समस्त नागरिक ले सकें।भारत में तो यह कहा भी जाता है कि जिसके पास जितनी चादर हो, उतने ही पैर पसारने चाहिए। अर्थात, नागरिकों को बैंकों से ऋण लेते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि ऋण की किश्त एवं ब्याज की राशि का भुगतान करने लायक उनकी अतिरिक्त आय होनी चाहिए, ताकि ऋण की किश्तों एवं ब्याज की राशि का भुगतान निर्धारित समय सीमा के अंदर किया जा सके एवं उनका ऋण खाता गैर निष्पादनकारी आस्ति में परिवर्तित नहीं हो।



गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र नदी पर निर्माणाधीन गुवाहाटी उत्तर गुवाहाटी पुल का दृश्य, जल स्तर बढ़ने पर।

# (चिंतन-मनन) हर जीव में व्याप्त नारायण

वैदिक साहित्य से हम जानते हैं कि परम-पुरुष नारायण प्रत्येक जीव के बाहर तथा भीतर निवास करने वाले है। वे भौतिक तथा आध्यात्मिक दोनों जगतों में विद्यमान हैं। यद्यपि वे बहुत दूर हैं, फिर भी हमारे निकट हैं-आसीनो दूरं व्रजति शयानो याति सर्वतरू हम भौतिक इन्द्रियों से न तो उन्हें देख पाते हैं, न समझ पाते हैं अतएव वैदिक भाषा में कहा गया है कि उन्हें समझने में हमारा भौतिक मन तथा इन्द्रियां असमर्थ हैं। किन्तु जिसने, भक्ति में कृष्णभावनामृत का अभ्यास करते हुए, अपने मन-इन्द्रियों को शुद्ध कर लिया है, वह उन्हें निरन्तर देख सकता है। ब्रघ्संहिता के अनुसार परमेर के लिए जिस भक्त में प्रेम उपज चुका है, वह निरन्तर उनके दर्शन कर सकता है। और भगवद्गीता में कहा गया है कि उन्हें केवल भक्ति द्वारा देखा-समझा जा सकता है। भगवान सबके हृदय में परमात्मा रूप में स्थित हैं। तो क्या इसका अर्थ यह हुआ कि वे बंटे हुए हैं? नहीं। वास्तव में वे एक हैं। जैसे सूर्य मध्याह्न समय अपने स्थान पर रहता है, लेकिन यदि कोई पांच हजार मील की दूरी पर घूमे और पूछे कि सूर्य कहां है, तो सभी कहेंगे कि वह उसके सिर पर चमक रहा है। इस उदाहरण का अर्थ है कि यद्यपि भगवान अविभाजित हैं।

# उत्तर भारत में पहाड़ों पर वारिस से तबाही और भूस्खलन से लोगों की परेशानियां बढ़ी

अजय दीक्षित

*उत्तर भारत में विशेषकर उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर में भारी बारिश से तबाही का मंजर देखने को मिलता है और यह प्रतिवर्ष होता है। उत्तराखण्ड और हिमाचल प्रदेश सड़क,भवन,रास्तों,को भारी नुक्सान होता है। जुलाई, अगस्त, सितंबर,में उत्तरकाशी, गढ़वाल,टिहरी, रानीखेत, अल्मोड़ा,मंडी, बिलासपुर, शिमला, नैनीताल, देहरादून आदि जिलों में भीषण तबाही होती है।यह सिलसिला विगत तीस साल से बढ़ा है क्योंकि इन क्षेत्रों में तीस लाख पेड़ विकास के नाम पर दस साल में काटे गए हैं।*

बेहतासा बढ़ते पर्यटन को देखते हुए इन क्षेत्रों में सरकारों ने सड़कों का निर्माण किया है और व्यवसायियों ने होटलों का निर्माण किया है।

अकेले शिमला, नैनीताल में 200 होटल है जिनसे प हाड़ों पर वजन बढ़ा है और वारिस के दिनों लैंड स्लाइड्स का खतरा भी हजारों प्रतिशत बड़ा है।भवनों ,बाजारों में अतिक्रमण हो गया है जो पूरे भारत की लाइलाज बीमारी है।



पर्वतीय क्षेत्र शोध संस्थान देहरादून के जलवायू शोध कर्ता

एस जयशंकर कहते हैं कि पहाड़ों पर हरित क्षेत्रों के चलते यहां नमी अधिक रहती है इसके अलावा तापक्रम भी कम रहता है इस कारण वारिस बहुत और तेज होती है । कुमायूं और गढ़वाल दोनों स्थानों पर औसत बारिश 2000 मिली मीटर के आसपास है।वारिस के दिनों पानी 3000 मीटर की ऊंचाई से आता है और उसकी ग्रैविटी अधिक होती है जो भूस्लखन का कारण बनती है।पहाड़ कच्चे है जियोलॉजी की भाषा में डिसेंट्रीग्रेटेड रॉक है ।भवनों, सुरंगों,सड़कों के निर्माण के कारण पहाड़ पोली या दरक गए हैं और पानी के तेज बहाव से गिर जाते हैं।कभी कभी पानी भारी सिल्ट लेकर बहते हैं जैसा पिछली बार ब्यास नदी ने मनाली में तबाही मचाई थी।

सरकारों की पर्यटन को पर्यावरण से समन्वय बिठाना चाहिए

पहाड़ों के दूर दराज के गांव में लैंड स्लाइड्स नहीं होते हैं क्योंकि वे सभी परिस्थितियों को ध्यान में रखकर भवन पगडंडी, पुल बनाते हैं जिसमें अधिकतर लकड़ी के हल्के होते हैं। लेकिन पूरे उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश में कंक्रीट के जंगल खड़े कर दिए हैं।पूरे जम्मू कश्मीर में हालत इतने खराब नहीं जितने उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश में हैं उसका कारण है कि घाटी में पचास साल से तो विकास नहीं हुआ क्योंकि वहां पर आतंकवाद था पर्यटकों का आना जाना नहीं था।तो विकास भी नहीं हुआ। कश्मीर घाटी में अगर श्री नगर को छोड़ दें तो वहां सभी मकान लकड़ी के है। पूरा उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश भूकंप की जद में है। क्योंकि इन क्षेत्रों की टाइटेनिक प्लेट का खिसकने का खतरा बढ़ गया है। अगर कभी भूकंप 8 रैकेटियर स्केल पर आ गया तो तबाही मचा देगा। बांधो के निर्माण से भी खतरा बढ़ गया है।




मेष राशि: आज आप पिता का कोई जरूरी काम पूरा करेंगे। आपके पिता को आप पर गर्व होगा। छात्रों के लिये दिन ठीक रहेगा। आप किसी नए कोर्स के बारे में सोच-विचार कर सकते हैं। बड़े भाई-बहनों से आपको पूरा सहयोग मिलेगा। नौकरी कर रहे लोगों को आज काम से राहत मिलेगी।

वृष राशि: घरवालों के सहयोग से आप हर चीज़ को अच्छे से संभाल लेंगे। आपके ऊपर नई जिम्मेदारियां आ सकती हैं। आप घर में किसी कार्यक्रम की तैयारी करवा सकते हैं। आस-पड़ोस के लोग आपको देखकर खुश होंगे। कोई जानकार व्यक्ति आपसे अपने बच्चों के करियर के लिये सलाह ले सकता है। आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। स्वास्थ्य की दृष्टि से आप ऊर्जावान बने रहेंगे। आपका दिन अच्छा रहेगा।

मिथुन राशि: आज आपका दिन रोज की अपेक्षा बेहतर हो सकता है। आप किसी धार्मिक कार्य में रुचि ले सकते हैं। ऑफिस का कोई व्यक्ति आपके घर पर आ सकता है। उनके साथ आप कुछ अच्छी बातें शेयर कर सकते हैं। बच्चे किसी काम में आपकी मदद ले सकते हैं। आप बच्चों का पूरा सहयोग करेंगे। बूटिक का काम कर रही महिलाओं के लिये दिन अच्छा रहेगा। किसी कस्टमर से आपके पारिवारिक संबंध जुड़ सकते हैं।

कर्क राशि: आपको अपनी कार्यकुशलता में बढ़ोतरी करने की जरूरत है। आज आप किसी ओपन मार्केट में शॉपिंग के लिए जा सकते हैं। आपको अपनी आमदनी को ध्यान में रखकर खर्चा करना चाहिए। करियर को लेकर आप कुछ परेशान हो सकते हैं। नये कोर्स में एडमिशन के लिये आपको ज्यादा भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

सिंह राशि: आज बच्चों के किसी काम में आपके पैसे खर्च हो सकते हैं। आपका दिन अच्छा बना रहेगा। काम के मामले में आपको अनुभवी लोगों से सम्पर्क बढ़ाने की जरूरत है। आपको पूरी मेहनत के साथ आगे बढ़ना चाहिए, इससे आपको काम में सफलता मिलेगी। किसी की कही-सुनी बातों पर विश्वास करने से आपको बचना चाहिए। सेहत के मामले में आपको थोड़ा ध्यान रखना चाहिए। जीवन में प्यार बना रहेगा।

कन्या राशि: अगर आप किसी से अपने दिल की बात कहना चाहते हैं, तो आज का दिन आपके लिये बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आप अपने काम में सफल जरूर होंगे। जो लोग शादीशुदा हैं, वो आज कहीं घूमने जा सकते हैं।

तुला राशि: आज के दिन आपको अपने काम में बड़ी ही सतर्कता बरतनी होगी। बिजनेस में किसी भी तरह के लेन-देन से आपको बचना चाहिए। आपको बिना वजह नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। अगर आप किसी से जरूरी मीटिंग के लिये जा रहे हैं, तो आपको अपने पहनावे पर ध्यान देने की जरूरत है। कोई आपकी पीठ पीछे बुराई कर सकता है।

वृश्चिक राशि: आज आप अपने जीवनसाथी से बिजनेस की कोई बात शेयर कर सकते हैं। जीवनसाथी से काम को लेकर आपको कोई अच्छी सलाह भी मिल सकती है। केटरिंग का काम कर रहे लोगों के लिये दिन अच्छा रहेगा। बच्चे आज किसी स्पोर्ट्स एक्टिविटी में भाग ले सकते हैं। घर पर खाली बैठे लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकते हैं।

धनु राशि: आज आप कोई नया बिजनेस शुरू करने के बारे में सोच सकते हैं। आपको घर के बड़ों से पूरा सपोर्ट मिलेगा। आर्थिक रूप से पिता आपकी मदद करेंगे। आज आप बच्चों को कहीं घूमाने ले जा सकते हैं। परिवार में खुशहाली और तालमेल बना रहेगा। अगर आपकी संतान विवाह के लायक है, तो उनके लिये कोई अच्छा रिश्ता आ सकता है। सेहत के लिहाज से आप फिट रहेंगे।

मकर राशि: सरकारी संस्थान से जुड़े लोगों का दिन अच्छा रहेगा, जबकि प्राइवेट काम करने वाले लोगों को कुछ परेशानी महसूस हो सकती है। आज आपको ऑफिस में एक्सट्रा काम करना पड़ सकता है। आप बच्चों को उचित समय नहीं दे पायेंगे। आपको कमर दर्द की समस्या हो सकती है। स्टूडेंट्स के लिये दिन ठीक-ठाक रहेगा।

कुंभ राशि: जीवनसाथी के साथ आप किसी ट्रिप की प्लानिंग कर सकते हैं। आप उन्हें कोई वाहन गिफ्ट कर सकते हैं। आपके दिन में ताजगी बनी रहेगी। आप कुछ अच्छे काम में अपना सहयोग दे सकते हैं। इससे समाज में आपका नाम होगा। आज सोसाइटी में किसी काम के लिये आपको अपॉइन्ट किया जा सकता है। माता आपसे किसी काम को लेकर सलाह ले सकती है। आपकी हेल्थ अच्छी रहेगी।

मीन राशि: आज किसी प्रॉपर्टी डीलर से आपकी मुलाकात हो सकती है। आप किसी प्रॉपर्टी में निवेश करने के बारे में सोच सकते हैं। दोस्त की मदद से आपको किसी अच्छी कम्पनी में नौकरी मिल सकती है।

# बनी होप कैच अवैध करार

मनोज चतुर्वेदी

पिछले साल टी-20 विश्व कप के फाइनल में भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने डेविड मिलर का कैच पकड़कर पांसा पलट दिया था। इस कैच को यादगार कैचों में शुमार किया जाता है। पर रोमांच पैदा करने वाले इस तरह के कैच अब देखने को नहीं मिलेंगे। बनी होप कहलाने वाले इन कैचों को आईसीसी के नियम बनाने वाली संस्था मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने अवैध करार दे दिया है। इस तरह के कैचों के लिए अब नया नियम बना दिया है।

एमसीसी द्वारा बनाए नए नियम के हिसाब से कोई खिलाड़ी बाउंड्री लाइन पर मौजूद फील्डर यदि कैच पकड़ने के लिए उछलता है और वह गेंद पकढ़ते समय समझता है कि वह सीमा रेखा के बाहर जा रहा है तो वह गेंद को उछालकर सीमा रेखा के अंदर पकड़कर ही कैच पूरा कर सकता है। अगर वह गेंद सीमा रेखा के बाहर उछालकर और फिर बाहर जाकर हवा में रहते हुए, फिर से गेंद को अंदर उछालकर पड़ता है तो इस कैच को मान्य नहीं माना जाएगा। इसके अलावा खिलाड़ी ने बाउंड्री लाइन से बाहर जाकर हवा में रखकर गेंद उछाली तो खुद उसे ही मैदान में अंदर आकर पकड़ना होगा। अगर कोई दूसरा फील्डर इस मैच को पकड़ता है तो इसे अमान्य कर दिया जाएगा। क्रिकेट नियमों बदलाव एक अनवरत प्रक्रिया है।

खेल को और रुचिकर बनाने के उद्देश्य से नियमों में बदलाव हमेशा ही होते रहे हैं। इन नियमों में बदलाव का उद्देश्य एक तो बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों में संतुलन बनाए रखना होता है। पिछले कुछ सालों में बनी होप कैचों ने क्रिकेट में नया रोमांच तो पैदा किया है। पर कई बार दर्शकों को लगता है कि यह बल्लेबाजों के प्रति अन्याय है और जिस शॉट पर उसे छक्का मिलना चाहिए था, उस पर उसे आउट दे दिया गया। 2023 की बिग बैश लीग में माइकल नेसर द्वारा पकड़े एक कैच पर सवाल उठे।

इसी तरह बिग बैश लीग में ही 2020 में मैथ्यूवेड के कैच को लेकर भी सवाल उठे तो इस पर आईसीसी ने कैच के इस नियम की एमसीसी से समीक्षा करने को कहा था। एमसीसी ने समीक्षा के दौरान पाया कि यदि गेंद को उछालने वाला ही मैदान में अंदर आकर कैच पकड़े तब ही कैच मान्य होगा। मैथ्यू वेड के कैच मामले में मैट रैनशॉ बाहर से अंदर गेंद उछालने के बाद खुद बाहर ही गिर गए थे। अब नये नियम में सिर्फ एक बार ही गेंद को हवा में उछाला जा सकेगा। यह नियम श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच 17 जून से गॉल में खेले जाने वाले टेस्ट से लागू होगा। असल में इस टेस्ट से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की नई साइकिल शुरू हो रही है।

एमसीसी अधिकृत तौर पर इस नियम को अक्टूबर 2026 से लागू करेगा। आईसीसी क्रिकेट को लोकप्रिय बनाने के लिए नियमों में बदलाव करता रहता है। इस सोच का ही नतीजा है कि टेस्ट मैचों से शुरुआत के बाद यह वनडे और टी-20 प्रारूप तक आ पहुंचा है। साथ ही आईसीसी की क्रिकेट समिति भी समय-समय पर हालात के हिसाब से नियमों में बदलाव करती रहती है। जिस तरह कोविड के समय में लार के माध्यम से वह फैल सकता था, तो गेंद की चमक बनाए रखने के लिए लार के इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी। इसके लिए गेंदबाजों ने पसीने का इस्तेमाल करना शुरू किया, लेकिन लार के इस्तेमाल पर रोक से गेंदबाजों को रिवर्स स्विंग में दिक्कत आने लगी, क्योंकि वह गेंद की एक साइड को चमका नहीं पा रहे थे।

पर आईपीएल के इस सत्र में लार के इस्तेमाल की छूट दे दी गई। हम सभी जानते हैं कि क्रिकेटप्रेमियों को स्टेडियम तक खींचकर लाने में बल्लेबाजों के विस्फोटक अंदाज की सबसे अहम भूमिका होती है। ऐसा नहीं है कि क्रिकेटप्रेमी अच्छी गेंदबाजी को पसंद नहीं करते हैं। पर उन्हें मजा चौके-छक्के देखने में ही आता है। इस कारण ज्यादातर नियम बल्लेबाजों के पक्ष वाले ही होते हैं, क्योंकि ज्यादा से ज्यादा लोगों के मैच देखने का आईसीसी की कमाई से सीधा संबंध होता है। पर आईसीसी इस बात का ख्याल भी रखता है कि बल्लेबाजी और गेंदबाजी में संतुलन बना रहे। इसी को ध्यान में रखकर वनडे मैचों में दो गेंदों के इस्तेमाल की शुरुआत हुई, क्योंकि पहले गेंद पुरानी होते ही बल्लेबाज हावी हो जाया करते थे। पर एमसीसी ने दो गेंदों के नियम में भी थोड़ा बदलाव किया है। अभी तक 50 ओवर के मैच में एक गेंद से 25 ओवर फेंके जाते थे। पर नए नियम के मुताबिक वनडे मैचों में 34 ओवर तक दो गेंदों से गेंदबाजी होगी और बाकी 16 ओवरों के लिए फील्डिंग टीम इन दो गेंदों में से किसी एक गेंद का इस्तेमाल कर सकेगी।

आईसीसी ने कुछ सालों पहले खेल रहे किसी खिलाड़ी के चोटिल होने पर उसकी जगह खिलाड़ी देने के लिए कन्कशन नियम बनाया था।

इसमें खिलाड़ी के चोटिल होने पर ही बताया जाता था कि उसकी जगह किसे खिलाएंगे, लेकिन अब टीमों को मैच शुरू होने से पहले मैच रेफरी को कन्कशन के लिए पांच खिलाड़ियों की सूची सौंपनी होगी। इसमें एक बल्लेबाज, एक कीपर, एक तेज गेंदबाज, एक स्पिनर और एक ऑलराउंडर का नाम शामिल करना होगा।

राष्ट्रीय समाचार



बुधवार 02 जुलाई 2025,नर्मदापुरम (होशंगाबाद)

दैनिक क्षितिज किरण 5

## इंसानियत शर्मसार : मराठी नहीं आती तो खाओ थप्पड़! मुंबई में मनसे कार्यकर्ताओं की घिनौनी करतूत

मुंबई, (आरएनएस)। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ताओं का गुंडागर्दी का एक और मामला सामने आया है। मुंबई के मीरा रोड इलाके में मराठी भाषा न बोलने पर एक फास्ट फूड रेस्टोरेंट के कर्मचारी के साथ मारपीट की गई है। पीड़ित कर्मचारी को कई थप्पड़ मारे गए और अपशब्द कहे गए। यह घटना सोमवार रात मीरा रोड स्थित बालाजी होटल में हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुछ MNS कार्यकर्ता होटल में गए और वहां काम करने वाले एक कर्मचारी से मराठी में बात करने को कहा। जब कर्मचारी ने अपनी असमर्थता जताई, तो कार्यकर्ताओं ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद राजनीतिक गलियारों में इसकी कड़ी निंदा हो रही है। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए शिवसेना (BT) के विधायक सचिन अहीर ने कहा कि मराठी के मुद्दे पर मारपीट करना गलत है, लेकिन अगर कोई जानबूझकर मराठी बोलने से इनकार करता है तो वह भी अनुचित है। वहीं, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) ने भी इस घटना को गलत बताया है। महाराष्ट्र सरकार के गृह राज्यमंत्री योगेश कदम ने कहा कि राज्य में हर भाषा का सम्मान होना चाहिए और किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगर कुछ गलत हुआ है तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बीजेपी नेता और कैबिनेट मंत्री आशीष शेलार ने कहा कि महाराष्ट्र में मराठी और हिंदुस्तान में हिंदी हमारी प्राथमिकता है। यदि कोई मारपीट करके कानून का उल्लंघन करेगा, तो सरकार कड़ी कार्रवाई करेगी।

## तेलंगाना में फार्मा प्लांट विस्फोट में अब तक 34 की मौत, सीएम रेड्डी घटनास्थल का दौरा करेंगे

तेलंगाना (आरएनएस)। तेलंगाना के पशम्यलारम में सिगाची इंडस्ट्रीज के फार्मा प्लांट में हुए विस्फोट में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 34 हो गई है। जिला पुलिस अधीक्षक परितोष पंकज ने मंगलवार सुबह बताया कि मलबा हटाते वक्त कई शव बरामद हुए। मलबे से अब तक 31 शव निकाले जा चुके हैं, जबकि तीन की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। बचाव अभियान का अंतिम चरण अब भी जारी है। सोमवार को को फैक्ट्री की रिएक्टर यूनिट में विस्फोट हुआ था। हादसा पाशमिलारम इंडस्ट्रियल एरिया स्थित सिगाची इंडस्ट्रीज में सुबह 8.15 बजे से 9.30 बजे के बीच हुआ था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने P M नेशनल रिलीफ फंड से मृतकों के परिजन को 2 लाख और घायलों को 50 हजार की मदद की घोषणा की थी। तेलंगाना के स्वास्थ्य मंत्री सी. दामोदर राजनरसिम्हा ने बताया कि मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी आज दुर्घटना स्थल का दौरा करेंगे। फार्मा कंपनी में सोमवार को हुई घातक दुर्घटना के पीछे केमिकल रिएक्शन एक बड़ी वजह हो सकती है। कंपनी की वेबसाइट के मुताबिक, सिगाची इंडस्ट्रीज लिमिटेड एक फार्मास्युटिकल कंपनी है, जो सक्रिय फार्मास्युटिकल सामग्री (एपीआई), इंटरमीडिएट्स, एक्सिपिएंट्स, विटामिन-मिनरल ब्लेंड्स, संचालन और प्रबंधन (ओएंडएम) सेवाओं के लिए जानी जाती है।

## 52 के हुए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, सीएम योगी और मायावती ने दी जन्मदिन की बधाई

लखनऊ ,(आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव मंगलवार को 52 साल के हो गए। इस 52वें जन्मदिन पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी जा रही हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और बसपा सुप्रीमो मायावती ने भी अखिलेश यादव को जन्मदिन की बधाई दी है। अखिलेश यादव की तरफ से भी इसको लेकर धन्यवाद दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को जन्मदिन की हार्दिक बधाई! सीएम योगी के पोस्ट के बाद अखिलेश यादव ने उन्हें धन्यवाद दिया। सपा प्रमुख ने एक्स पर ही अपने जवाब में लिखा, आपकी शुभकामनाओं के लिए हार्दिक धन्यवाद।उत्तर प्रदेश की पूर्व सीएम मायावती ने अखिलेश यादव को जन्मदिन की बधाई देते हुए दीर्घायु की कामना की। उन्होंने एक्स पर लिखा, समाजवादी पार्टी के प्रमुख एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई। उनके सुखी और दीर्घायु जीवन की भी ढेरों शुभकामनाएं। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी एक्स पर एक पोस्ट में अखिलेश को बधाई देते हुए कहा, सपा अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद अखिलेश यादव को उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। भगवान प्रभु श्रीराम, भगवान श्रीकृष्ण और देवों के देव महादेव की कृपा से आपका स्वास्थ्य उत्तम और आप दीर्घायु हों।

# पहली नौकरी मिलते सरकार युवाओं को देगी पैसा, केंद्रीय कैबिनेट ने बड़ी योजनाओं को दी मंजूरी

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्र सरकार ने मंगलवार को कई बड़ी योजनाओं को हरी झंडी दी है। सरकार ने प्रोडक्शन लिंक्ड इन्सेंटिव की तर्ज पर एम्प्लॉयमेंट लिंक्ड इन्सेंटिव योजना को मंजूरी दे दी है। इसके तहत मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में संगठित और स्थायी रोजगार को प्रोत्साहन दिया जाएगा। इस योजना के तहत, सरकार कुल 1.07 लाख करोड़ रुपए का प्रोत्साहन देगी। रोजगार को प्रोत्साहन देने के लिए पहली नौकरी पर सरकार युवाओं को धनराशि देगी। वैष्णव ने बताया कि ELI योजना के दो हिस्से होंगे पार्ट ए और पार्ट बी। पार्ट ए के तहत नई नियुक्ति करने पर सरकार कर्मचारी की एक महीने की सैलरी (अधिकतम 15 हजार रुपए) दो टुकड़ों में प्रोत्साहन के रूप में देगी। पहली हिस्सा नियुक्ति के छह महीने बाद, जबकि दूसरा हिस्सा नियुक्ति के 12 महीने बाद दिया जाएगा। जबकि पार्ट बी के तहत दो साल तक हर महीने 3000 रुपए का प्रोत्साहन दिया जाएगा। मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों को 4 साल तक यह प्रोत्साहन मिलेगा। पार्ट बी के तहत हर महीने प्रति कर्मचारी आनुपातिक प्रोत्साहन (अधिकतम 3000 रुपए) दो साल




तक और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए 4 साल तक दिया जाएगा। यह राशि हर छह महीने पर चुकाई जाएगी। यह स्कीम दो साल के लिए होगी। यह उन्हीं कर्मचारियों पर लागू होगी, जिनकी मासिक सेलरी 1 लाख रुपए से कम हो। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने समग्र 'खेलो भारत नीति' को मंजूरी दी है। 1984 में पहली बार राष्ट्रीय खेल नीति लागू की गई थी। इसके बाद 2001 में नई स्पोर्ट्स पॉलिसी जारी की गई।

अब केंद्र सरकार खेल भारत नीति 2025 को लागू करेगी जिसके तहत युवाओं को खेलों के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि हमारा लक्ष्य देश को खेल के मामले में दुनिया के टॉप 5 देशों में शामिल करना है।केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (लागत 1.07 लाख करोड़ रुपये), रिसर्च डेवलपमेंट एंड इनोवेशन (आरडीआई) योजना (लागत 1 लाख करोड़ रुपये), राष्ट्रीय खेल नीति 2025 और परमकुडी-रामनाथपुरम राष्ट्रीय राजमार्ग को चार लेन का बनाने (लागत 1,853 करोड़ रुपये) को मंजूरी दी है। इसके अलावा सरकार ने रिसर्च डेवलपमेंट एंड इन्नोवेशन (DRI) स्कीम का भी ऐलान किया है। इस स्कीम के तहत सरकार एनर्जी सिक्युरिटी, डीप टेक, एआई, फार्मा, डिजिटल एग्रीकल्चर समेत 17 सेक्टर में रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए 1 लाख करोड़ रुपए का प्रोत्साहन देगी।

## झारखंड के गुमला में महिला की हत्या, पति-सौतन गिरफ्तार, वारदात को हादसा बताने की कोशिश नाकाम

गुमला (आरएनएस)। झारखंड के गुमला जिले में रिजवाना परवीन नामक एक महिला की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने उसके पति शमशाद अंसारी और उसकी दूसरी पत्नी अफसाना खातून को गिरफ्तार किया है। सिसई थाना क्षेत्र में रिजवाना परवीन की मौत 28 जून को हुई थी, जिसे हादसा बताकर मामले को रफा-दफा करने की कोशिश की गई थी।एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने सोमवार को मीडिया को पूरे घटनाक्रम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रिजवाना खातून के भाई की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच की तो इस बात का खुलासा हुआ कि हत्या करने के बाद आरोपी इसे हादसे का रूप देने की कोशिश में जुटे थे।बताया गया कि शमशाद ने तीन शादियां की है। पहली पत्नी ने उसे छोड़ दिया था। दूसरी पत्नी अफसाना खातून दो बच्चों के साथ पति के पास रहती थी।

## कोचिंग घोटाले में बड़ी कार्रवाई : मास्टर माइंड क्लासेज के पूर्व मैनेजर राजेन्द्र भदकारिया गिरफ्तार

चंडीगढ़ (आरएनएस)। हरियाणा में अनुसूचित जाति के छात्रों को तकनीकी प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए संचालित मुफ्त कोचिंग योजना में हुए 15.68 करोड़ के घोटाले में एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) पंचकूला ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मास्टर माइंड क्लासेज प्रा. लि., ग्वालियर के तत्कालीन फ्रेंचाइज़ी मैनेजर राजेन्द्र भदकारिया को मध्यप्रदेश के माधवगंज, ग्वालियर से गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी 28 जून को की गई, जिसके बाद आरोपी को 29 जून को पंचकूला स्थित माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे एक दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया। 30 जून को पुनः न्यायालय में पेश कर आरोपी को केंद्रीय जेल अंबाला भेज दिया गया। यह मामला वर्ष 2008 से 2011 के बीच हरियाणा सरकार द्वारा लागू की गई उस कल्याणकारी योजना से जुड़ा है, जिसके तहत अनुसूचित जाति के छात्रों को AIEEE और DET जैसी तकनीकी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मुफ्त कोचिंग दी जानी थी। इसके लिए 20 जून 2008 को मास्टर माइंड क्लासेज प्रा. लि., ग्वालियर के साथ अनुबंध किया गया था। लेकिन जांच में सामने आया कि संस्था द्वारा कुछ छात्रों का वास्तविक दाखिला दिखाकर, अधिकांश छात्रों का फर्जी नामांकन कर, बिना कक्षाएं संचालित किए विभागीय अधिकारियों व अन्य संस्थानों की मिलीभगत से 15.68 करोड़ का फर्जी भुगतान प्राप्त किया गया। इस घोटाले में पहले ही छह आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें मास्टर माइंड क्लासेज के मालिक नवीन गुप्ता और प्रवीण गुप्ता, चंडीगढ़ शाखा से जुड़े वेद प्रकाश और हरजीत सिंह, तकनीकी शिक्षा विभाग के उप निदेशक राजेन्द्र शर्मा और लिपिक राजकुमार शामिल हैं।

## राजस्थान में मूसलधार बारिश से कई जिले जलमग्न, जनजीवन अस्त-व्यस्त

धौलपुर/अलवर (आरएनएस)। राजस्थान में मानसून ने इस बार जोरदार दस्तक दी है, जिससे जहां एक ओर किसानों को राहत मिली है, वहीं शहरी इलाकों में भारी बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। धौलपुर, अलवर और कोटपुतली-बहरोड़ में तेज बारिश के चलते सड़कों पर पानी भर गया और बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। कई जगहों पर घरों, दुकानों और सरकारी भवनों में पानी घुस गया, जिससे जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया।धौलपुर में हुई तेज बारिश के कारण शहर के कई इलाके जलमग्न हो गए। जगन टॉकीज, हरदेव नगर, कोर्ट परिषद और बाड़ी रोड जैसे प्रमुख क्षेत्र पानी में डूब गए। सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया, जिससे वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानी हुई।स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल बरसात में यही स्थिति बनती है, लेकिन प्रशासन स्थायी समाधान नहीं कर रहा। दुकानों में पानी घुसने से कारोबार ठप हो गया और स्कूल जाने वाले बच्चों से लेकर ऑफिस जाने वालों तक को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। नालियों की समय पर सफाई नहीं होने से पानी सीधे घरों और दुकानों में घुस गया।अलवर में सुबह 6-30 बजे शुरू हुई मूसलधार बारिश ने 9 बजे तक शहर में बाढ़ जैसे हालात पैदा कर दिए। होप सर्कस, घंटाघर, सराफा बाजार, अशोक टॉकीज, बस स्टैंड और एसएमडी चौराहे समेत शहर के अधिकांश हिस्से जलमग्न हो गए।

## यूपी पुलिस ने 50 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाल महिला से छेड़छाड़ के आरोपी को दबोचा

मुजफ्फरनगर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में सोमवार को लगभग 55 वर्षीय एक मनचले व्यक्ति द्वारा राह चलती एक महिला को गलत तरीके से छूना उस समय भारी पड़ गया, जब युवती ने आरोपी को सड़क पर दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। आरोपी बड़ी ही चतुराई से मौके से फरार हो गया। वहीं, पुलिस ने 50 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगालकर उसे पकड़ लिया।

पूरा मामला जनपद मुजफ्फरनगर के थाना खालापार क्षेत्र का है, जहां सिटी सेंटर मार्केट के निकट एक मनचले व्यक्ति के द्वारा राह चलती एक महिला को बैड टच किया गया। इस बीच जैसे ही आरोपी के द्वारा युवती से छेड़छाड़ की गई तो युवती ने आरोपी की पिटाई शुरू कर दी, मगर आरोपी मौके से भागने में कामयाब रहा। मगर मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरे में आरोपी व्यक्ति की यह घटना कैद हो गई। घटना की जानकारी होने पर पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए 50 से भी अधिक कैमरे खंगाला, जिसमें आरोपी की पहचान करते हुए पुलिस ने दबोच लिया।

## पिंजौर के यादवेन्द्र गार्डन की विरासत को संजोते हुए इसे और अधिक सुंदर बनाया जाए : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

चंडीगढ़ (आरएनएस)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश में कहीं भी अनटैप्ड सीवरेज या औद्योगिक अपशिष्ट जल ड्रेन में प्रवाहित न हो, इसके लिए संबंधित विभागों द्वारा ऐसे सभी स्थानों की पहचान कर प्रभावी उपाय किए जाएं, ताकि गंदे पानी को ड्रेनों में गिरने से पूरी तरह रोका जा सके। प्रारंभिक चरण में अंबाला, कुरुक्षेत्र एवं यमुनानगर जिलों में इस दिशा में कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए आगामी तीन माह के भीतर इन जिलों में उल्लेखनीय सुधार किया जाए।मुख्यमंत्री आज यहां बजट घोषणाओं की प्रगति के बारे में बुलाई गई एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बजट घोषणाओं में किए गए सभी वादों को समय पर पूरा किया जाए ताकि प्रदेशवासियों को जल्द से जल्द इनका लाभ मिल सके।



उल्लेखनीय है कि नायब सिंह सैनी, जिनके पास वित्त मंत्री का दायित्व भी है, ने इस वर्ष मार्च में आयोजित विधानसभा सत्र के दौरान वर्ष 2025-26 के लिए राज्य बजट में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की थीं। अरावली क्षेत्र में बनने वाली जंगल सफारी की प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वहां ऐसे जानवर रखें जाएं जो मानवता के लिए हानिकारक न हों। जंगल सफारी केंद्रीय जू अथॉरिटी के नियमों के तहत स्थापित की जाए। साथ ही मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए वहां ऐसे पौधों के बीज डाले जाएं जो प्राकृतिक रूप से उगकर स्थिर हो सकें। उन्होंने पर्यावरण एवं वन विभाग की अन्य घोषणाओं की भी समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## वक्फ कानून किसी धर्म के विरुद्ध नहीं,' तेजस्वी यादव के बयान पर जीतन राम मांझी का पलटवार

नई दिल्ली(आरएनएस)। केंद्रीय मंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख जीतन राम मांझी ने मंगलवार को राजद नेता तेजस्वी यादव पर निशाना साधा। उन्होंने तेजस्वी के 'महागठबंधन की सरकार बनने पर वक्फ कानून को कूड़ेदान में डाल देंगे' वाले बयान पर कहा कि ये कानून किसी धर्म के विरुद्ध नहीं हैं।वक्फ कानून पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, तेजस्वी यादव और अन्य विपक्षी नेता इसलिए वक्फ बिल का विरोध कर रहे हैं क्योंकि उनका मानना है कि यह एक खास धर्म को निशाना बनाता है। मैं बताना चाहता हूं कि ये कानून किसी धर्म और व्यक्ति के विरुद्ध नहीं हैं। यह पूरी तरह से मैनेजमेंट का मामला है। आज तक कुछ लोगों ने वक्फ संपत्तियों पर कब्जा कर रखा है, जिससे गरीबों तक इसका लाभ नहीं पहुंच पा रहा है। जो लोग इस कानून का विरोध कर रहे हैं, वे सिर्फ राजनीति कर रहे हैं।

## धर्म की आड़ में पैसा लेने वाले कथावाचक और मौलवी से दूरी बनाएं : शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी

बरेली, (आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा रविवार को कथावाचकों पर दिए गए बयान पर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि धर्म की आड़ में पैसा लेने वाले कथावाचक और मौलवी से समाज के लोग दूरी बनाए।

शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने मंगलवार को कहा कि अखिलेश यादव ने कथावाचकों के बारे में एक बयान दिया और उसमें एक कथावाचक का नाम लिया। उनका यह बयान पूरी तरह सच है। मैं सामान्य तौर पर अखिलेश यादव का समर्थन नहीं करता, क्योंकि वह हमेशा सच नहीं बोलते। लेकिन, इस बार उन्होंने सच बोला है, इसलिए मैं इस बयान का समर्थन करता हूं।

उन्होंने कहा कि चाहे हिंदू कथावाचक हों, मुस्लिम जलसों में भाषण देने वाले मौलवी हों, या फिर शायर हों, ये तीनों तरह के लोग पेशेवर (प्रोफेशनल) हैं। ये बिना पैसे तय किए किसी कार्यक्रम में नहीं जाते। इन लोगों ने अपनी निजी सुरक्षा रखी है, जो उनका पैसा तय करता है। इसके बाद ही उन्हें कार्यक्रम की तारीख मिलती है। ये पहले पैसे लेते हैं।बरेलवी ने कहा कि ये लोग धर्म के नाम पर पैसे वसूल रहे हैं और अपनी कमाई के लिए काम कर रहे हैं। इन्होंने धर्म का लेबल लगाकर पेशेवर तरीके से कमाई का धंधा शुरू किया है। ये आम लोगों को और समाज को धोखा दे रहे हैं। 95 प्रतिशत लोग इसी तरह का काम करते हैं। मौलाना ने कहा कि ये लोग धर्म के नाम पर दुनियादारी कर रहे हैं, अपने चेहरे और लिबास पर धर्म का टाइटल लगा रखा है, और इसकी आड़ में न जाने कौन-कौन से दुनियादारी दारी के काम अंजाम दे रहे हैं। इनका दावा खोखला और समाज को भ्रमित करने वाला है।

## हार्ट अटैक का 'हॉटस्पॉट' बना ये जिला! एक महीने में 18 मामलों के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, जांच के आदेश



हासन (आरएनएस)। कर्नाटक के हासन जिले में हाल के दिनों में हृदय आघात के मामलों में अप्रत्याशित वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे स्वास्थ्य अधिकारियों और स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ गई है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने इस गंभीर स्थिति का संज्ञान लेते हुए, बढ़ते मामलों की जांच के लिए विशेषज्ञों की एक टीम गठित करने और उनसे विस्तृत अध्ययन रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है।मंत्री दिनेश गुंडू राव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट के माध्यम से जानकारी दी कि हासन जिले में पिछले एक महीने के भीतर हृदय आघात के 18 मामले सामने आए हैं, जिसे स्वास्थ्य विभाग ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने आगे कहा कि उन्होंने पहले ही विभाग के उच्च अधिकारियों को जयदेव इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोवैस्कुलर साइंसेज एंड रिसर्च के निदेशक के नेतृत्व में एक विशेषज्ञ टीम गठित कर इन बढ़ते हृदय आघात के मामलों की गहन जांच करने और जल्द से जल्द एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

गुंडू राव ने यह भी बताया कि राज्य सरकार ने पहले से ही हृदयाघात के मामलों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से 'पुनीत राजकुमार हृदय ज्योति योजना' शुरू की है। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हाल के दिनों में युवाओं में हृदय आघात के बढ़ते मामलों पर गहराई से शोध करने की आवश्यकता है ताकि इसके अंतर्निहित कारणों का पता लगाया जा सके।यद्यपि चिकित्सकों का मानना है कि बदलती जीवनशैली, अस्वास्थ्यकर खानपान की आदतें और गैर-संचारी रोग हृदय संबंधी समस्याओं के प्रमुख कारण हो सकते हैं, लेकिन हासन में सामने आए मामलों की संख्या ने कई महत्वपूर्ण प्रश्न खड़े कर दिए हैं।




**कोलकाता के साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज के कस्बा लॉ कॉलेज के छात्रावास में एक छात्रा के साथ कथित बलात्कार के मामले में न्याय की मांग को लेकर विभिन्न लॉ कॉलेजों के छात्र एक विरोध रैली में हिस्सा लेते हुए।**

# अमृतसर : पंजाब पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय ड्रग कार्टेल का किया भंडाफोड़, 60 किलो हेरोइन बरामद

अमृतसर (आरएनएस)। पंजाब पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और राजस्थान पुलिस के साथ मिलकर एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग कार्टेल का भंडाफोड़ किया है ।

इस कार्रवाई में राजस्थान के बाड़मेर जिले में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास से 60.302 किलोग्राम हेरोइन की बड़ी खेप बरामद की गई। इस कार्टेल को पाकिस्तानी तस्कर तनवीर शाह और कनाडा में रहने वाला हैंडलर जोबन कलेर संचालित कर रहा था। पंजाब पुलिस ने इस ऑपरेशन में पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर से नौ प्रमुख तस्करों और हवाला ऑपरेटरों को गिरफ्तार किया। इन गिरफ्तारियों ने ड्रग तस्करी के इस विशाल नेटवर्क की कमर तोड़ दी, जो न केवल भारत में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सक्रिय था। बरामद हेरोइन की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करोड़ों रुपए आंकी गई है।पंजाब पुलिस ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर इस सफल कार्रवाई की जानकारी साझा की। पुलिस ने बताया कि यह ऑपरेशन नार्को-आतंक के खिलाफ उनकी सतत लड़ाई का हिस्सा है। पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने इस बारे में पूरी जानकारी दी। उनके वीडियो को पंजाब पुलिस के सोशल मीडिया अकाउंट पर भी जारी किया गया। इस वीडियो में उन्होंने कहा, पंजाब पुलिस ने नशे के विरुद्ध बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने एक ऑपरेशन के तहत 60 किलो हेरोइन बरामद की है। इस ऑपरेशन से हमने बहुत बड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जिसके बाद से कई राज्यों से हमने लोगों को गिरफ्तार किया है। हम नशा तस्करी और नार्को-आतंक के खिलाफ अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ हैं। हमारा लक्ष्य पंजाब को नशा मुक्त बनाना और युवाओं को इस जाल से बचाना है।

पुलिस के मुताबिक, यह ऑपरेशन कई महीनों की गहन निगरानी और खुफिया जानकारी के आधार पर किया गया। पुलिस ने ड्रग कार्टेल के नेटवर्क को ट्रैक करने के लिए आधुनिक तकनीकों और अंतर-राज्यीय समन्वय का सहारा लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ जारी है, ताकि इस नेटवर्क के अन्य सदस्यों और उनके ठिकानों का पता लगाया जा सके।

# पलक तिवारी ने मॉरिशस वेकेशन से शेयर की ग्लैमरस तस्वीरें, फैंस हुए दीवाने



एक्ट्रेस पलक तिवारी अपने ग्लैमरस और स्टाइलिश अंदाज़ से एक बार फिर सुर्खियों में हैं. पलक ने हाल ही में मॉरिशस वेकेशन से अपनी कुछ बेहद स्टनिंग तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं, जिन्हें देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं. पलक ने अपने वेकेशन एल्बम में पिंक और पर्पल क्रोशिया बिकिनी सेट में फोटो शेयर की हैं. खुले बाल, सटल मेकअप और बीच बैकग्राउंड के साथ उनका ये बोल्ड अवतार इंटरनेट पर खूब वायरल हो रहा है. पलक ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, पी.टी. में मॉरीशस ङ्क एक एल्बम और कुछ ही घंटों में तस्वीरों पर हजारों लाइक्स और कमेंट्स की बरसात हो गई.

फैंस ने उनकी तस्वीरों पर गॉर्जियस, स्टनिंग जैसे कमेंट्स किए और हार्ट व फायर इमोजी से कमेंट सेक्शन भर दिया.पलक तिवारी का ये बीच लुक एक बार फिर यह साबित करता है कि वह सिर्फ एक्टिंग में ही नहीं, बल्कि फैशन और स्टाइल के मामले में भी यूथ आइकन बन चुकी हैं. उनके इस वेकेशन लुक ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है और फैंस अब उनकी अगली पोस्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं.

पलक तिवारी को आखिरी बार संजय दत्त और मौनी रॉय के साथ हॉरर कॉमेडी फिल्म द भूतनी में देखा गया था. फिल्म ने दर्शकों को निराश किया था. अब उनके फैंस पलक के नए प्रोजेक्ट का बेसब्री के साथ इंतजार कर रहे हैं.

## बॉक्स ऑफिस पर फिल्म सितारे जमीन पर का शानदार प्रदर्शन जारी, अब तक फिल्म ने दुनियाभर में कमाए 194 करोड़ रुपये

आमिर खान की फिल्म सितारे जमीन पर को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 10 दिन पूरे हो गए हैं। उनकी यह फिल्म 20 जून को दर्शकों के बीच आई थी और पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है। इस फिल्म ने भारत में 120 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है, वहीं दुनियाभर में इसकी कमाई 200 करोड़ रुपये की ओर बढ़ रही है।बॉक्स ऑफिस आंकड़ों का ब्योरा रखने वाली वेबसाइट सैकनिल्क के मुताबिक, सितारे जमीन पर ने अपनी रिलीज के 10वें दिन यानी दूसरे रविवार को 14.50 करोड़ रुपये कमाए। इसी के साथ अब भारत में इस फिल्म की कुल कमाई 122.65 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है।




देश में ही नहीं, बल्कि विदेशों में सितारे जमीन पर का भी खूब डंका बज रहा है। अब तक दुनियाभर में इस फिल्म ने 194 करोड़ रुपये कमा लिए हैं।सितारे जमीन पर में आमिर की जोड़ी पहली बार जेनेलिया डिसूजा के साथ बनी है। जेनेलिया ने फिल्म में आमिर की पत्नी सुनीता का किरदार निभाया है। फिल्म में आमिर ने एक बदनाम बास्केटबॉल कोच गुलशन की भूमिका निभाई है। इस फिल्म की कहानी डाउन सिंड्रोम पर आधारित है।

# एक नई भाषा में काम करना मेरे लिए चुनौती थी, तमिल डेब्यू पर बोलीं मिथिला पालकर



अभिनेत्री मिथिला पालकर फिल्म ओहो एंथन बेबी के साथ तमिल फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू कर रही हैं। उन्होंने कहा कि नई भाषा में प्रदर्शन करना उनके लिए एक ऐसा चुनौती थी, जिसके बारे में उन्होंने कभी सोचा नहीं था।मिथिला ने बताया कि एक अभिनेत्री के तौर पर वह हमेशा ऐसी चीजें करने की कोशिश करती हैं, जो उन्हें कम्फर्ट जोन से बाहर ले जाए। उन्होंने कहा, यह मुझे न केवल पेशेवर रूप से बल्कि व्यक्तिगत रूप में आगे बढ़ने में मदद करती है। उन्होंने कहा कि एक नई भाषा सीखना और उसमें अभिनय करना उनके लिए एक ऐसी चुनौती थी, जिसके बारे में उन्होंने पहले कभी नहीं सोचा था।

लिटिल थिंग्स, कारवां और चॉपस्टिक्स के लिए मशहूर मिथिला ने कहा कि उन्हें अब तक हिंदी और मराठी में ही काम करने का मौका मिला था।

बता दें कि तमिल फिल्म ओहो एंथन बेबी में मिथिला के अगेंस्ट रुद्र मुख्य भूमिका में रहेंगे। फिल्म का पहला पोस्टर मई में रिलीज किया गया था। पोस्टर में अभिनेत्री लाल रंग की ड्रेस पहने नीचे बैठे अभिनेता रुद्र द्वारा पकड़े गए कैमरे के सामने पोज देती दिखाई दे रही हैं।

कृष्णकुमार रामकुमार द्वारा निर्देशित रोमांटिक-कॉमेडी ओहो एंथन बेबी में दर्शकों को प्यार और रिश्तों पर एक नया और अनोखा नजरिया देखने को मिलेगा।मिथिला ने ओहो एंथन बेबी की शूटिंग पूरी करने के बारे में कहा, यह यात्रा वास्तव में मेरे लिए खास रही है, न केवल इसलिए कि यह मेरी पहली तमिल फिल्म है, बल्कि इसलिए भी कि मुझे उन अविश्वसनीय लोगों के साथ काम करने का मौका मिला। उन्होंने कहा, तमिल में लाइनें सीखना भले ही मेरे लिए एक चुनौती थी, लेकिन मैंने इसमें हर पल का भरपूर आनंद लिया। मेरे सह-कलाकार रुद्र, मेरे निर्देशक कृष्णकुमार रामकुमार और पूरी कास्ट और क्रू ने मेरा अच्छे से स्वागत किया और मुझे बिल्कुल घर जैसा महसूस कराया, भले ही मैं यह भाषा नहीं बोल पाती थी।

# कमजोर हूं, पर कम नहीं, पिता को हक दिलाने के लिए एबनॉर्मल लड़की ने ज्वाइन की आर्मी, तन्वीः द ग्रेट का ट्रेलर रिलीज

***तन्वी द ग्रेट का बेहतरीन और रोंगटे खड़े कर देने वाला ट्रेलर रिलीज हो गया है. तन्वी द ग्रेट के प्रोड्यूसर और डायरेक्टर खुद अनुपम खेर हैं, जो फिल्म में अहम किरदार में हैं. तन्वी द ग्रेट आगामी 18 जुलाई को थिएटर्स में रिलीज होने के लिए तैयार है. अनुपम की यह फिल्म लंबे समय से चर्चा में हैं और आखिरकार आज फिल्म का ट्रेल रिलीज हो चुका है.***

फिल्म के ट्रेलर की शुरुआत काफी धीमी होती है और लगता है जैसे कि इस फिल्म को कौन देखेगा. अगले ही मिनट में फिल्म का ट्रेलर इतना इंटरेस्टिंग हो जाता है कि देखने के बाद मन में यही ख्याल आएगा कि 18 जुलाई कब आएगी. ट्रेलर से साफ हो गया है कि फिल्म की कहानी एक ऐसी लड़की की है, जो दिमागी तौर पर नॉर्मल नहीं दिखती है. उसके पिता आर्मी में थे, जो शहीद हो गए, लेकिन शहीदों के सम्मान के दौरान जब उसके पिता के नाम का कोई जिक्र नहीं हुआ, तो उसने ठान लिया कि वह भी एक आर्मी ज्वाइन करेगी. हालांकि वह संगीत सीख रही थी, लेकिन अब वह अपने पिता को




सम्मान दिलाने के लिए आर्मी ज्वाइन कर लेती है.

फिल्म तन्वी द ग्रेट ने दुनियाभर में अपना जलवा दिखा दिया है. ये फिल्म कान्स फिल्म फेस्टिवल और न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल जैसे बड़े मंचों पर दिखाई जा चुकी है. इंटरनेशनल फेस्टिवल्स में इसे खूब सराहा गया है और शुरुआत से ही फिल्म को शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है.

अनुपम खेर ने कहा, मैं हमेशा से एक्सेल एंटरटेनमेंट की शानदार कहानियों और सोच का प्रशंसक रहा हूं. तन्वी द ग्रेट के लिए उनका साथ मिलना बेहद खुशी की बात है. उनके जुड़ने से इस प्रेरणादायक फिल्म को और ऊंचाइयों तक ले जाने का हमारा सफर और मजबूत हुआ है.

फिल्म में बेहतरीन कलाकारों की टीम नजर आएगी, जिनमें अनुपम खेर, इयान ग्लेन, बोमन ईरानी, जैकी श्रॉफ, अरविंद स्वामी, पल्लवी जोशी, करण टैकर, एम. नास्सर और पहली बार अभिनय कर रही शुभांगी शामिल हैं. तन्वी द ग्रेट का संगीत ऑस्कर विजेता एम. एम. कीरवाणी ने दिया है. यह फिल्म अनुपम खेर स्टूडियोज और एनएफडीसी के साथ मिलकर बनाई गई है. इसके ग्लोबल डिस्ट्रीब्यूशन की जिम्मेदारी अनिल थडानी की एए फिल्म्स और एक्सेल एंटरटेनमेंट संभाल रहे हैं.

## बिग बॉस फेम गौतम कृष्णा की सोलो बॉय का रिलीज डेट आउट, 4 जुलाई को देगी दस्तक

बिग बॉस शो से लोकप्रियता हासिल करने वाले युवा और उभरते सितारे गौतम कृष्णा अपनी आगामी रोमांटिक एंटरटेनर सोलो बॉय के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। पी. नवीन कुमार द्वारा निर्देशित और सेवन हिल्स प्रोडक्शंस के बैनर तले सेवन हिल्स सतीश कुमार द्वारा निर्मित इस फिल्म में श्वेता अवस्थी और राम्या पसुपुलेटी मुख्य भूमिका में हैं।

फिल्म में पोसानी कृष्ण मुरली, अनीता चौधरी, अरुण कुमार, आरके मामा, शफी, डॉ. भद्रम सहित अन्य प्रतिभाशाली सहायक कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

सोलो बॉय के पहले पोस्टर और गानों ने पहले ही सिने प्रेमियों के बीच हलचल मचा दी है। हाल ही में रिलीज़ हुए पोस्टर में गौतम और राम्या पसुपुलेटी रोमांटिक कॉलेज बैकड्रॉप में नज़र आ रहे हैं, जिसने ख़ास तौर पर युवाओं का ध्यान खींचा है, जिससे फ़िल्म के प्रति लोगों में काफ़ी उत्सुकता है।

# हर्षवर्धन राणे-सादिया खतीब स्टारर रोमांटिक-एक्शन ड्रामा सिला का ऐलान, पहला पोस्टर आया सामने

हर्षवर्धन राणे और सादिया खतीब स्टारर नई रोमांटिक-एक्शन ड्रामा फिल्म सिला का ऐलान आधिकारिक तौर पर कर दिया गया है. इस फिल्म की शूटिंग आज यानी 1 जुलाई 2025 से शुरू होने जा रही है, जिससे फैंस में एक्साइटमेंट का लेवल और भी बढ़ गया है. फिल्म का निर्देशन ओमंग कुमार कर रहे हैं, जिन्हें मैरी कॉम और सरबजीत जैसी कंटेंट ड्रिवन फिल्मों के लिए जाना जाता है. इस बार ओमंग कुमार एक इंटेंस रोमांटिक-एक्शन कहानी के जरिए दर्शकों को प्रभावित करने की तैयारी में हैं. फिल्म में करनवीर मेहरा विलेन के रोल में नजर आएंगे, जबकि इप्सिता भी एक अहम सपोर्टिंग किरदार निभाती दिखेंगी.



सिला को ज़ी स्टूडियोज, ब्लू लोटस पिक्चर्स और स्टार्क एंटरटेनमेंट मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं. हाल ही में जारी किए गए पोस्टर में हर्षवर्धन और सादिया का खूनी, इमोशनल लेकिन पैशनेट लुक दर्शकों की जिज्ञासा को और भी बढ़ा रहा है. पोस्टर में दोनों कलाकारों की केमिस्ट्री और इंटेंसनिटी साफ नजर आती है, जिससे फिल्म के टोन का अंदाजा लगाया जा सकता है.फिलहाल फिल्म की रिलीज डेट का खुलासा नहीं हुआ है, लेकिन कास्ट और डायरेक्शन टीम को देखते हुए उम्मीद की जा रही है कि यह फिल्म रोमांस और एक्शन के चाहने वालों के लिए एक दमदार अनुभव साबित होगी. अब देखना दिलचस्प होगा कि सिला अपने ट्रेलर और कहानी से दर्शकों को कितना इम्प्रेस कर पाती है और क्या बॉक्स ऑफिस पर भी धमाल मचाती है.

## बॉक्स ऑफिस पर फिल्म मां की कमाई में मामूली बढ़त, तीसरे दिन जुटाए इतने करोड़ रुपये

काफी समय से अभिनेत्री काजोल फिल्म मां को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। आखिरकार उनकी यह फिल्म बीते 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म की कहानी को भले ही दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली हो, लेकिन काजोल ने अपनी कमाल की अदाकारी के लिए जमकर वाहवाही लूटी। अब फिल्म मां के तीसरे दिन की कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं, जिसमें मामूली बढ़त देखने को मिली है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म मां ने अपनी रिलीज के तीसरे दिन यानी पहले रविवार को 6.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 17.40 करोड़ रुपये हो गया है। इस फिल्म ने 4.65 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर औसत शुरुआत की थी, वहीं दूसरे दिन यह फिल्म 6 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। फिल्म मां का बजट 65 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।मां अजय देवगन की शैतान यूनिवर्स का हिस्सा है। विशाल फुरिया ने इसके निर्देशन की कमान संभाली है, जिन्हें हॉरर फिल्म छोरी और छोरी 2 के लिए जाना जाता है। जियो स्टूडियोज और देवगन फिल्म्स ने फिल्म का निर्माण किया है। इसमें इंद्रनील सेनगुप्ता, रोनित रॉय और खीरिन शर्मा भी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

## बॉक्स ऑफिस पर विष्णु मांचू की कन्नप्पा के कारोबार में बढ़ोतरी, तीसरे दिन हुई इतनी कमाई

अभिनेता विष्णु मांचू की फिल्म कन्नप्पा को 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। समीक्षकों की तरफ से इस फिल्म को हरी झंडी मिली, वहीं दर्शक भी दिल खोलकर फिल्म की कहानी और विष्णु की अदाकारी की तारीफ कर रहे हैं। इसके बावजूद बॉक्स ऑफिस पर यह कुछ खास कमाल नहीं दिखा रही है। अब फिल्म कन्नप्पा के तीसरे दिन की कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं, जिसमें मामूली बढ़त देखने को मिली है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, कन्नप्पा के खाते में तीसरे दिन यानी पहले रविवार को 7.25 करोड़ रुपये आइए हैं। इसी के साथ अब भारत में इस फिल्म की कुल कमाई 23.75 करोड़ रुपये हो गई है। कन्नप्पा ने 9.35 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत की थी, वहीं दूसरे दिन यह फिल्म 7.15 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। इस फिल्म को आप तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम, हिंदी और अंग्रेजी भाषा में देख सकते हैं।



# बिना प्रेस के भी दूर हो सकती हैं कपड़ों की सिलवटें, आजमाकर देखें ये तरीके



कपड़े धोने के बाद उन पर सिलवटें पड़ना लाजमी होता है। हालांकि, ऐसे कपड़ों को पहनकर घर से बाहर जाना संभव नहीं होता। सिलवटों वाले कपड़े पहनने पर लोग आपको गंभीरता से नहीं लेंगे और एक बुरा प्रभाव भी पड़ेगा। अगर, आप किसी ऐसे स्थान पर हैं, जहां प्रेस उपलब्ध नहीं है तो घबराएं नहीं। आप इन घरेलू नुस्खों और फैशन टिप्स का पालन करके इस्त्री का इस्तेमाल किए बिना भी अपने कपड़ों से सिलवटें हटा सकते हैं।

### हेयर ड्रायर का इस्तेमाल करें

अगर आपके पास प्रेस नहीं है तो आप हेयर ड्रायर का इस्तेमाल करके भी कपड़ों को प्रेस कर सकते हैं। इसके लिए कपड़ों को हल्का-सा गीला कर लें। अब ड्रायर का तापमान कम करें और कपड़े पर घुमाते हुए झुर्रियों को दूर करें। इस दौरान ध्यान रखें कि ड्रायर कपड़े से 2 से 3 इंच दूर हो। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो आपका कपड़ा जल भी सकता है या उस पर दाग पड़ सकते हैं।

### गीले कपड़े और भारी वस्तु का उपयोग करें

इस्त्री के बिना कपड़ों को प्रेस करने के लिए आप उन्हें गीला भी कर सकते हैं। कपड़ों को समतल सतह पर रखें और एक साफ कपड़े को गीला करके सिलवटों के ऊपर रखें। इसके बाद गीले कपड़े के ऊपर किताब या डिब्बे आदि जैसी कोई भारी वस्तु रख दें। सिलवटों को समतल करने के लिए इसे कुछ देर के लिए रखा रहने दें। इससे थोड़ी-ही देर के बाद सिलवटें दूर हो जाएंगी।

### भांप दें

कपड़ों की सिलवटें दूर करने के लिए केवल प्रेस ही नहीं, बल्कि स्टीम आयरन भी उपयोग आ सकती है। इस उपकरण से भांप निकलती है, जिससे सिलवटों को दूर किया जा सकता है। अगर आपके पास यह न हो तो भी आप कपड़ों में भांप लगा सकते हैं। जब आप गर्म पानी से नहा रहे हों तो कपड़ों को बाथरूम में टांग दें। इससे सिलवटें ढीली हो जाती हैं, जिससे उन्हें हाथों से या खींचकर दूर किया जा सकता है।

### जोर-जोर से हिलाएं

अगर आपके पास बहुत कम समय है तो आप हवा में कपड़े को सुखा सकते हैं। इसके लिए कपड़े को गीला कर लें और किसी ऐसी जगह पर खड़े हो जाएं जहां हवा हो। अब कपड़े को एक ओर से खुद पकड़ें और दूसरी ओर से किसी और को पकड़ा दें। उसे जोर-जोर से झटकते हुए हिलाएं। यह तरीका साड़ी, सूट और शॉल आदि को सुखाने के लिए सबसे कारगर होता है।

# कैजुअल कपड़ों के साथ इन 5 फुटवियर्स को पहनें, लगेंगी सबसे ज्यादा खूबसूरत



आजकल के लोग फैशन के साथ-साथ आराम पर भी ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। यही वजह है कि रोजमर्रा के उपयोग के लिए कपड़े और फुटवियर्स का चलन बढ़ता जा रहा है। कैजुअल कपड़ों के साथ सही फुटवियर्स चुनना बहुत जरूरी है ताकि आपका लुक पूरा हो सके। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे फुटवियर्स के बारे में बताएंगे, जो आपके कैजुअल लुक को और भी खास बना सकते हैं।

### स्नीकर्स

स्नीकर्स एक ऐसा जूता है, जो किसी भी रोजमर्रा के कपड़े के साथ अच्छे से मेल खाता है। ये न केवल आरामदायक होते हैं, बल्कि स्टाइलिश भी दिखते हैं। स्नीकर्स को आप जींस, लोअर या यहां तक कि कुर्ते के साथ भी पहन सकती हैं। ये आपके लुक को न केवल आकर्षक बनाते हैं बल्कि पूरे दिन आराम भी देते हैं। इसलिए अगर आप रोजमर्रा के उपयोग के लिए कुछ चुनने जा रही हैं तो स्नीकर्स पर ध्यान दें।

### फ्लैट सैंडल्स

फ्लैट सैंडल्स गर्मियों में सबसे अच्छे विकल्प होते हैं क्योंकि ये पैरों को हवा लगने देते हैं और चलने में कोई दिक्कत नहीं होती है। इन्हें आप किसी भी तरह की रोजमर्रा की पोशाक के साथ पहन सकती हैं जैसे कि ड्रेस, जींस या लोअर। फ्लैट सैंडल्स आरामदायक होने के साथ-साथ स्टाइलिश भी होते हैं, जिससे आपका लुक खास बनता है। इनका चयन करते समय अपने आराम और स्टाइल पर ध्यान दें।

### लोफर्स

लोफर्स एक ऐसा जूता है, जो किसी भी तरह की रोजमर्रा की पोशाक के साथ अच्छे से मेल खाता है। ये न केवल आरामदायक होते हैं, बल्कि स्टाइलिश भी दिखते हैं। लोफर्स को आप जींस, लोअर या यहां तक कि कुर्ते के साथ भी पहन सकती हैं। इनका चयन करते समय अपने आराम और स्टाइल पर ध्यान दें ताकि आप पूरे दिन बिना किसी परेशानी के इन्हें पहन सकें।

### एंकल बूट्स

एंकल बूट्स सर्दियों में सबसे अच्छे विकल्प होते हैं क्योंकि ये पैरों को गर्म रखते हैं और ठंड से बचाते हैं। इन्हें आप किसी भी तरह की रोजमर्रा की पोशाक जैसे कि ड्रेस, जींस या लोअर आदि के साथ पहन सकती हैं। एंकल बूट्स स्टाइलिश होने के साथ-साथ आरामदायक भी होते हैं, जिससे आपका लुक खास बनता है। इनका चयन करते समय अपने आराम और स्टाइल पर ध्यान दें।

### फ्लैट बेली

फ्लैट बेली गर्मियों में सबसे अच्छा विकल्प होता है क्योंकि ये पैरों को हवा लगने देते हैं और चलने में कोई दिक्कत नहीं होती। इन्हें आप किसी भी तरह की रोजमर्रा की पोशाक जैसे कि ड्रेस, जींस या लोअर आदि के साथ पहन सकती हैं। फ्लैट बेली स्टाइलिश होने के साथ-साथ आरामदायक भी होते हैं, जिससे आपका लुक खास बनता है। इनका चयन करते समय अपने आराम और स्टाइल पर ध्यान दें।

## यहूदी छात्रों को तंग किया', ट्रंप ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी को फिर दी फंडिंग रोकने की धमकी

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय को सूचित किया कि उसकी जांच में पाया गया है कि विश्वविद्यालय ने यहूदी और इजरायली छात्रों के साथ व्यवहार में संघीय नागरिक अधिकार कानून का उल्लंघन किया है। वाल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में हार्वर्ड के अध्यक्ष एलन गार्बर को सोमवार को भेजे गए पत्र का हवाला दिया गया है कि यदि तुरन्त पर्याप्त परिवर्तन नहीं किए गए तो सभी वित्तीय संसाधन रोक दिए जाएंगे और इसका संघीय सरकार के साथ हार्वर्ड के संबंधों पर प्रभाव पड़ेगा। अमेरिकी राष्ट्पति डोनाल्ड ट्रंप ने इसपर बात करते हुए कहा कि वह हार्वर्ड सहित देश के अन्य विश्वविद्यालयों में बदलाव लाने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि उनके विचार में यह विश्वविद्यालय वामपंथी विचारों द्वारा कब्जा कर लिए गए हैं और यहूदी-विरोध के गढ़ बन गए हैं।

फेडरेल टास्क फोर्स ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय के अध्यक्ष को एक पत्र भेजा है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि इजरायल और गाजा के युद्ध के दौरान यूनिवर्सिटी छात्रों के अधिकारों की सुरक्षा करने में विफल रही है। फेडरेल टास्क फोर्स के अनुसार, हार्वर्ड कुछ मामलों में जानबूझकर यहूदी छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के विरोध हो रहे उत्पीड़न में भागीदार रहा है। यहूदी और इजरायली छात्रों को तंग किया गया। विरोध के डर से उन्हें अपनी पहचान तक छिपाने पड़ी।

## अमेरिका जाएंगे इजरायली प्रधानमंत्री, गाजा में सीजफायर को लेकर हो सकती है चर्चा

यरुशलम (आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सात जुलाई को व्हाइट हाउस में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मेजबानी करने जा रहे हैं। 'व्हाइट हाउस' ने 'द इजरायल टाइम्स' से इसकी पुष्टि की है। ट्रंप गाजा में युद्धविराम और बंधकों की रिहाई के लिए अपनी कोशिशें तेज कर रहे हैं। जनवरी 2025 में डोनाल्ड ट्रंप सत्ता में वापस लौटे थे, जिसके बाद यह नेतन्याहू की व्हाइट हाउस की तीसरी यात्रा होगी। यह मुलाकात गाजा में युद्ध विराम और ईरान की क्षेत्रीय गतिविधियों और राजनायिक संबंधों के विस्तार पर केंद्रित होगी।

व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने सोमवार को बताया कि ट्रंप और प्रशासन के अधिकारी इजरायली नेतृत्व के साथ लगातार संपर्क में हैं। गाजा संघर्ष को समाप्त करना राष्ट्रपति ट्रंप की प्राथमिकता है। लेविट ने कहा, इस युद्ध के दौरान इजरायल और गाजा, दोनों से जिस तरह की तस्वीरें सामने आई हैं, वह दिल दहला देने वाली हैं। राष्ट्रपति इसे खत्म होते देखना चाहते हैं। वह लोगों की जान बचाना चाहते हैं।

डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में संघर्ष को खत्म करने पर नए सिरे से फोकस करने का संकेत देते हुए शुक्रवार को पत्रकारों से गाजा में अगले हफ्ते तक युद्धविराम की संभावना जताई थी। नेतन्याहू की अमेरिकी यात्रा ईरान की न्यूक्लियर फैसिलिटी पर अमेरिकी हमले के बाद हो रही है। उस समय ट्रंप ने इजरायल-ईरान के बीच युद्धविराम कराने का दावा किया था।

स्ट्रैटेजिक अफेयर्स मिनिस्टर रॉन डेरमर फिलहाल अमेरिकी अधिकारियों के साथ बैठक के लिए वाशिंगटन में हैं। नेतन्याहू ने गाजा युद्धविराम वार्ता के संबंध में दूसरी बैठक के लिए सोमवार शाम को अपने शीर्ष सहयोगियों और मंत्रियों को बुलाया है। इसमें शामिल मंत्रियों में से एक के कार्यालय ने बताया है कि ग्रुप एक रात पहले हुए टकराव के बाद भी गाजा में युद्ध के भविष्य पर किसी समझौते पर नहीं पहुंच पाया है।

# सब धंधा बंद करके साउथ अफ्रीका लौटना पड़ेगा', ट्रंप की मस्क को सबसे बड़ी धमकी



वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उद्योगपति एलन मस्क के बीच तनातनी बढ़ती दिख रही है। ट्रंप ने मस्क को इशारों में चेतावनी दी है कि उन्हें अपना कारोबार बंद करना पड़ सकता है। यह धमकी ऐसे समय में आई है जब कभी ट्रंप के करीबी माने जाने वाले मस्क ने उनकी नीतियों पर सवाल उठाए हैं। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में लिखा, राष्ट्रपति के तौर पर मेरा समर्थन करने से पहले एलन मस्क जानते थे कि मैं ईवी (इलेक्ट्रिक वाहन) को अनिवार्य करने के सख्त खिलाफ हूं। यह बकवास है और यह हमेशा मेरे प्रचार अभियान का हिस्सा रहा है। इलेक्ट्रिक कारें ठीक हैं, लेकिन हर किसी को उन्हें खरीदने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। एलन को इतिहास में किसी से भी ज़्यादा सब्सिडी मिली और बिना सब्सिडी के शायद उन्हें अपना कारोबार बंद करके दक्षिण अफ्रीका वापस जाना पड़ सकता है।

अपने पोस्ट में उन्होंने आगे कहा, कोई रॉकेट लॉन्च नहीं, कोई सैटेलाइट नहीं और कोई इलेक्ट्रिक कारों का उत्पादन नहींं और हमारे देश के बहुत सारे पैसे बचेंगे। शायद DOGE को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। बहुत सारा पैसा बचेगा! यह बयान मस्क द्वारा ट्रंप सरकार के एक बिल पर आपत्ति जताए जाने और एक नई राजनीतिक पार्टी बनाने के संकेत देने के एक दिन बाद आया है। मस्क ने उस विधेयक को पागलपन भरा बताया था जिसमें रिकॉर्ड 5 ट्रिलियन डॉलर की ऋण सीमा वृद्धि की गई है, और कहा था कि इससे आम अमेरिकियों को बहुत नुकसान होगा। मस्क ने लिखा था, इस विधेयक के पागलपन भरे खर्च से, जो ऋण सीमा को रिकॉर्ड पांच ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ाता है, यह स्पष्ट है कि हम एक पार्टी वाले देश में रहते हैं पोर्की पिग पार्टी! एक नई राजनीतिक पार्टी बनाने का समय आ गया है जो वास्तव में लोगों की परवाह करती है।

## इस इस्लामिक देश में चेहरा ढकने पर लगी पाबंदी, पीएम ने बताया क्यों जरूरी

अस्ताना (ए.)। मुस्लिम बहुल देश कजाखस्तान ने एक बड़ा फैसला लेते हुए सार्वजनिक स्थानों पर चेहरा ढकने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। प्रधान मंत्री कासिम जोमार्ट तोकायेव ने इस संबंध में पारित एक नए कानून पर अपनी मुहर लगा दी है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब दुनिया के कई इस्लामिक देशों में हिजाब और अन्य प्रकार के चेहरे के पर्दे का प्रचलन है, जिसके चलते इस फैसले की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा हो रही है।



कजाखस्तान सरकार ने इस प्रतिबंध के पीछे मुख्य तर्क यह दिया है कि चेहरा ढका होने के कारण फेशियल रिकॉग्निशन तकनीक ठीक से काम नहीं कर पाती है, जो सुरक्षा और अन्य उद्देश्यों के लिए कई स्थानों पर आवश्यक है। नए कानून के अनुसार, केवल बीमारी की स्थिति, खराब मौसम या खेल-कूद जैसी विशेष परिस्थितियों में ही चेहरा ढकने की अनुमति दी जाएगी। कभी सोवियत संघ का हिस्सा रहे कजाखस्तान में अपनी राष्ट्रीय संस्कृति को बढ़ावा देने की मांग लंबे समय से उठ रही थी। हालांकि देश की अधिकांश आबादी मुस्लिम है, लेकिन यहां आज भी सोवियत मूल्यों का प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। चेहरा ढकने पर रोक लगाने वाले इस कानून में किसी विशेष धर्म या उसकी वेशभूषा का उल्लेख नहीं किया गया है, लेकिन इसका सीधा अर्थ चेहरे को ढकने वाली सभी प्रकार की प्रथाओं पर प्रतिबंध लगाना है। प्रधान मंत्री तोकायेव ने इस कानून की सराहना करते हुए कहा कि यह कजाख पहचान को मजबूत करने में सहायक होगा।प्रधानमंत्री कासिम जोमार्ट तोकायेव ने जोर देकर कहा कि चेहरे को ढकने वाले काले कपड़े पहनने की बजाय कजाख शैली के पारंपरिक वस्त्रों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

## थाईलैंड में सियासी भूचाल प्रधानमंत्री पैटांगटार्न सस्पेंड

बैंकाक,(ए)। थाईलैंड की संवैधानिक अदालत ने प्रधानमंत्री पैटांगटार्न शिनावात्रा को उनके पद से अस्थायी रूप से निलंबित किया है। यह फैसला एक लीक हुई फोन कॉल को लेकर लिया गया है, इसमें कथित तौर पर सरकारी शक्तियों के दुरुपयोग का संकेत मिलता है। शिनावात्रा पर आरोप है कि उन्होंने एक गुप्त फोन कॉल के द्वारा संवैधानिक सीमाओं से परे जाकर सरकारी हस्तक्षेप किया, जिसमें वे न्यायिक और प्रशासनिक संस्थाओं को प्रभावित करने की बात करती हुई सुनाई दीं। अदालत ने मामले में संविधान के अनुच्छेदों के उल्लंघन के रूप में देखा और तत्काल प्रभाव से उन्हें पद से हटाने का आदेश दिया। प्रधानमंत्री पद से निलंबन के बाद, कार्यवाहक प्रधानमंत्री का काम उप-प्रधानमंत्री को जिम्मेदारी सौंप दी गई है।



## दलाई लामा का उत्तराधिकारी चुनने की कवायद शुरु, फाउंडेशन को सौंपा काम

ल्हासा,(ए)। बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा अपनी किताब में संकेत दिए थे कि जब वह 90 साल के हो जाएंगे, तो उत्तराधिकारी के बारे में जानकारी देंगे। अब बौद्ध नए धर्मगुरु और दलाई लामा के उत्तराधिकारी चुने जाने की चर्चा चल रही है। हालांकि, इसे लेकर अभी आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। दलाई लामा का उत्तराधिकारी का चुना जाना चीन, भारत और अमेरिका के लिए भी बहुत अहम है। तिब्बती परंपरा में ऐसी मान्यता है कि जब किसी वरिष्ठ बौद्ध भिक्षु का निधन होता है, तो उनकी आत्मा फिर जन्म लेती है।

बता दें 14वें दलाई लामा का जन्म 6 जुलाई 1935 को हुआ था।

## इजराइल ने फिर किया गाजा के कैफे पर हमला, 67 लोगों की मौत, कई घायल



गाजा,(ए)। गाजा में इजराइली ने फिर हवाई हमले किए हैं जिसमें कम से कम 67 आम लोगों की मौत हो गई है। यह हमला हालिया सप्ताहों में सबसे घातक माना जा रहा है। गाजा सिटी के उत्तरी हिस्से में समुद्र तट के पास स्थित एक लोकप्रिय कैफे पर इजराइल ने बमबारी की, जब वहां महिलाओं और बच्चों की भारी भीड़ जमा थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक अचानक बिना किसी चेतावनी के विमान ने हमला किया जिससे वहां भूकंप जैसी स्थिति बन गई।मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि कैफे में लोग पूरी तरह सामान्य थे कि अचानक सब कुछ हिलने लगा और धमाका हुआ। किसी को समझ नहीं आया कि क्या हुआ। स्वास्थ्य मंत्रालय के आपातकालीन प्रमुख ने जानकारी दी कि अकेले इस हमले में 30 लोग मारे गए और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। रिपोर्ट के मुताबिक गाजा शहर की एक सड़क पर दो अलग-अलग हमलों में 15 अन्य लोग मारे गए हैं। इजराइल ने भोजन के लिए खड़े फलस्तीनी नागरिकों पर भी हमला किया गया, जिसमें 22 लोगों की मौत हो गई। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब इजराइली अधिकारी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से प्रस्तावित नए युद्धविराम के सिलसिले में वाशिंगटन गए थे।

# खेल समाचार

## इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में बराबरी के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

बर्मिंघम (ए)। भारतीय भारतीय क्रिकेट टीम यहां बुधवार से मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ शुरु हो रहे दूसरे टेस्ट मैच में जीत के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम को पहले टेस्ट में पांच शतक लगाने के बाद भी खराब फील्डिंग के कारण हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में उसका लक्ष्य इस मैच में अपनी कमजोरियों को दूर करना रहेगा। पहले टेस्ट में भारतीय टीम की ओर से तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ही सफल रहे थे। वहीं अन्य गेंदबाज विफल रहे थे जिसका भी नुकसान उसे उठाना पड़ा था। पांच मुकाबलों की सीरीज का पहला मैच हारने के बाद भारतीय टीम 1-0 से पीछे हैं। ऐसे में उसके लिए यह मुकाबला बेहद अहम है। उसे सीरीज में बराबरी के लिए इसे जीतना ही होगा। इस मैच के लिए मेजबान टीम ने कोई बदलाव नहीं किया है। वहीं भारतीय टीम बदलावों के साथ उतरेगी पर क्या बदलाव होंगे ये मैच से पहले ही पता चलेगा क्योंकि भारतीय टीम ने अभी तक अपने अंतिम ग्यारह खिलाड़ियों की घोषणा नहीं की है। भारतीय टीम के मुख्य तेज गेंदबाज बुमराह को इस मैच में आराम दिया जाना है। ऐसे में उनकी जगह पर बांए हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह या आकाशदीप सिंह को शामिल किया जा सकता है। वहीं ऑलराउंडर स्थान कुलदीप यादव को अवसर मिलने की संभावना नहीं है। ऑलराउंडर शार्दुल



ठाकुर पहले टेस्ट में प्रभावित नहीं कर पाये थे, ऐसे में उनकी जगह युवा नीतीश कुमार रेड्डी को भी टीम में शामिल किय जा सकता है।बर्मिंघम में गर्म मौसम और सूखी पिच को देखते हुए इसमें स्पिनरों को सहायता मिल सकती है। ऐसे में भारतीय टीम दो स्पिनरों को अंतिम ग्यारह में जगह दे सकती है। ऐसे में अनुभवी रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव और वॉशिंगटन सुंदर में से दो को टीम में जगह मिल सकती है। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसर टीम प्रबंधन कुलदीप की जगह वॉशिंगटन सुंदर को शामिल कर सकता है।एजबेस्टन क्रिकेट मैदान की बात करें, तो मैच की शुरुआत में पिच से गति और उछाल हासिल हो सकता है। ऐसे में सलामी बल्लेबाजों के लिए तेज गेंदबाजों का सामना करना आसान नहीं होगा। शुरुआत के दो दिन भले ही ड्यूक गेंद से तेज गेंदबाजों को मदद मिलेगी, लेकिन तीसरे और चौथे दिन पिच बल्लेबाजी के लिए आसान हो सकती है। अगर बादल छाए रहे, तो तेज गेंदबाजों को मदद मिलेगी।यहां मुकाबले के दूसरे और तीसरे दिन पिच नरम हो जाती है, जबकि चौथे और पांचवें दिन पिच पर दरारें और खुरदरे पैच नजर आने लगते हैं, जिससे स्पिनरों को सहायता मिलती है। मौसम विभाग के अनुसार मैच के पहले दिन बारिश की आशंका है। यहां खेल शुरू होने से पहले मौसम खराब हो सकता है। वहीं दूसरे दिन बीच-बीच में बादल आने की आशंका है। मुकाबले के तीसरे दिन बादल छाए रह सकते हैं। चौथे-पांचवें दिन बारिश के कारण खेल में आ सकती है बाधा आ सकती है।आंकड़ों पर नजर डालें तो इस मैच में इंग्लैंड का पलड़ा भारी है। इसका कारण है कि एजबेस्टन के इस मैदान पर भारतीय टीम आज तक नहीं जीती है। इस मैदान पर दोनो टीमों के बीच आठ मैच खेले हैं। जिसमें सात मैच में भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा जबकि एक मुकाबला ड्रॉ रहा है।

## अब कोई और नहीं बन सकेगा कैप्टन कूल

### महेंद्र सिंह धोनी ने रजिस्टर कराया ट्रेडमार्क

नई दिल्ली,(ए)। पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को उनका लोकप्रिय नाम कैप्टन कूल अब कानूनी रूप से मिलने की पूरी उम्मीद है। धोनी ने हाल ही में कैप्टन कूल नाम के लिए ट्रेडमार्क रजिस्ट्रेशन की अर्जी दी थी, जो अब स्वीकृत और विज्ञापित कर दी गई है। यह ट्रेडमार्क धोनी ने खेल प्रशिक्षण, प्रशिक्षण सुविधाओं और स्पोर्ट्स कोचिंग सेवाओं के लिए क्लास 41 के तहत रजिस्टर करवाया है। यह ट्रेडमार्क न सिर्फ उनके नाम को कानूनी सुरक्षा देता है, बल्कि यह उनके ब्रांड वैल्यू और पहचान को भी और मजबूत करता है।धोनी की वकील मानसी अग्रवाल ने इस उपलब्धि की जानकारी साझा करते हुए कहा कि यह मामला दिखाता है कि पर्सनल ब्रांडिंग और पहचान से जुड़ी विशिष्टता कैसे कानूनी रूप से काम आती है, भले ही पहले से कोई समान ट्रेडमार्क मौजूद हो।

## भारतीय टीम में होंगे 3 बड़े बदलाव, नीतीश और सुंदर की होगी एंट्री

नई दिल्ली,(ए)। भारतीय क्रिकेट टीम 2 जुलाई से बर्मिंघम के एजबेस्टन में इंग्लैंड क्रिकेट टीम के साथ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के तहत पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच खेलने वाली हैं. इस मैच में टीम इंडिया की प्लेइंग-11 क्या होने वाली हैं. इसको लेकर भारतीय क्रिकेट फैंस के मन में सवाल उठ रहे हैं. आज हम आपको इस बारे में ही बताने वाले हैं।

इंडियन क्रिकेट टीम के सहायक कोच रेयान टेन डोशेट ने 30 जून को मीडिया को संबोधित करते हुए प्लेइंग-11 को लेकर इशारों-इशारों में कई बड़े खुलासे किए हैं. भारतीय कोच ने टीम में 3 बदलावों के संकेत दिए हैं. उन्होंने कहा, बुमराह खेलने के लिए तैयार हैं. अगर हमें लगता है कि इस टेस्ट में उसे खिलाना फायदेमंद होगा, तो हम आखिरी समय में ही यह फैसला लेंगे।

टेन डोशेट ने आगे कहा, यह सिर्फ इतना है कि हम किन दो को खिलाते हैं. तीनों स्पिनर बहुत अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं. वाशिंगटन सुंदर बहुत अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं. तो यह सिर्फ इतना है कि हम किस संयोजन के साथ खेलते हैं? ऑलराउंडर-स्पिनर या आउट-एंड-आउट स्पिनर? और जाहिर है कि आपको फिर से गेंदबाजी ऑलराउंडर को खिलाना होगा लेकिन मुझे पूरा यकीन है कि इस टेस्ट में दो स्पिनर खेलेंगे।

टेन डोशेट ने कहा, वो (रेड्डी) एक गेम पाने के बहुत करीब है. जाहिर है वह ऑस्ट्रेलिया में शानदार था टीम में आया और जिस तरह से खेला. हमें लगा कि संतुलन के लिए आखिरी गेम के लिए हम गेंदबाजी ऑलराउंडर के साथ जाना चाहते थे. जिसके बारे में हमें लगा कि शार्दुल गेंदबाजी के मोर्चे पर थोड़ा आगे था. हम इस पहेली को फिर से सुलझाने के तरीकों पर विचार कर रहे हैं ताकि हम एक बैटिंग ऑलराउंडर को शामिल कर सकें और जाहिर है कि नीतीश इस समय हमारे बेहतरीन बैटिंग ऑलराउंडर हैं. इसलिए मैं कहूंगा कि उनके पास यह टेस्ट खेलने का बहुत अच्छा मौका है।

यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), करुण नायर, रविंद्र जडेजा/नीतीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर/ कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा,अर्शदीप सिंह।

## रद्द हो जाएगी भारत-बांग्लादेश सीरीज? सामने आई बड़ी वजह

### -रोहित-विराट के फैंस को लगा झटका

नई दिल्ली,(ए)। भारतीय क्रिकेट टीम को अगस्त में बांग्लादेश के खिलाफ व्हाइट बॉल सीरीज खेलनी थी. इस सीरीज के लिए भारत को बांग्लादेश जाना है. ऐसे में इस सीरीज पर खतरे के बादल मंडरा रहे हैं. क्योंकि अभी भी सरकार की ओर से बीसीसीआई को इस सीरीज के लिए मंजूरी नहीं मिली है.क्रिकबज की रिपोर्ट की मानें तो बीसीसीआई अभी भी बांग्लादेश दौरे के लिए सरकार की मंजूरी का इंतजार कर रहा है. ऐसे में अभी के लिए इस सीरीज पर खतरे के बादल मंडरा रहे हैं. क्योंकि अगर सरकार भारतीय टीम को बांग्लादेश जाने की मंजूरी नहीं देता तो इस सीरीज पर खतरा मंडरा सकता है. इस समय दोनों देशों के राजनीतिक संबंध कुछ अच्छे नहीं हैं, जिसका असर इस सीरीज पर पड़ सकता है.बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने कहा, बीसीसीआई के साथ चर्चा चल रही है. ये चर्चा काफी सकारात्मक है. हम चर्चा कर रहे हैं कि सीरीज कैसे आयोजित कर सकते हैं।

हम अभी अगर इस सीरीज की मेजबानी नहीं कर सकते हैं, तो इसे किसी अन्य संभावित समय पर आयोजित करेंगे.भारतीय क्रिकेट टीम को बांग्लादेश के साथ 3 वनडे और 3 टी20 मैचों की सीरीज खेलनी है. इस सीरीज का पहला वनडे मैच 17 अगस्त जबकि अंतिम मैच 23 अगस्त को खेला जाने वाला था. इस सीरीज पर अभी भारत और बांग्लादेश के क्रिकेट बोर्ड क्लियर नहीं हैं. भारत और बांग्लादेश के बीच अंतिम वनडे सीरीज साल 2014 में खेली गई थी. इसके बाद से अब तक इन दोनों देशों के बीच कोई भी वनडे सीरीज नहीं खेली गई है।


ये सीरीज अगर किसी भी कारण से स्थगित या रद्द हो जाती है तो विराट कोहली और रोहित शर्मा को जल्द ही वनडे क्रिकेट खेलते देखने का उनके फैंस का सपना टूट सकता है. क्योंकि रोहित और कोहली दोनों ही टी20 अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं।

## मंधाना आईसीसी रैंकिंग में तीसरे नंबर पर पहुंची

दुबई (ए)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की रैंकिंग में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में एक स्थान के लाभ के साथ ही तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। मंधाना को इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी-20 की सीरीज के पहले मैच में शतक का लाभ मिला है। उस मैच में उन्होंने चोटिल हरमनप्रीत कौर की जगह कप्तानी करते हुए टीम को जीत दिलायी थी।मंधाना ने 62 गेंद में 15 चौकों और तीन छक्कों के साथ 112 रन बनाए थे, जिसकी मदद से भारतीय टीम ने 97 रन से जीत हासिल की थी। मंधाना के अब सबसे अधिक 771 रेटिंग अंक हो गये है। ये उनके करियर की सबसे बेतर रैंकिंग है।

## श्रेयस घर की गैलरी में मां के साथ क्रिकेट खेलते दिखे

मुम्बई (ए)। आईपीएल के इस सत्र में पंजाब किंग्स की कप्तानी करने वाले बल्लेबाज श्रेयस अय्यर का घर की गैलरी में मां के साथ क्रिकेट खेलने का एक प्यारा वीडियो आया है , इसमें श्रेयस मां की गेंदबाजी पर बोल्ड होते दिख रहे हैं। ये वीडियो पंजाब किंग्स ने साझा किया है। इससें लिखा है, केवल प्रकार से बोल्ड होने पर श्रेयस को बुरा नहीं लग रहा होगा। इस वीडियो पर प्रशंसकों ने भी कई मजेदार कॉमेंट्स किए हैं। एक ने लिखा है, गेंद हो या चप्पल, मां का निशाना कभी गलत नहीं होता।सोशल मीडिया में साझा किए गए इस वीडियो में दिख रहा है कि श्रेयर घर की गैलरी में बल्लेबाजी कर रहे हैं और गेंदबाजी उनकी मां के हाथों में है। पहली गेंद फुल टॉस और अय्यर उसे खेलने में सफल होते हैं पर दूसरी गेंद पर वह विफल हो जाते हैं। गेंद उनके बल्ले के पास से निकलकर स्टंप से टकरा जाती है। उसके बाद उनकी मां खुशी से दोनों हाथ हवा में उठाकर नाचने लगती हैं। बोलती हैं आउट। यह वीडियो जितना प्यारा है, उस पर प्रशंसकों ने भी उतना ही प्यार लुटाया है। इसके कॉमेंट भी काफी प्यारे और मजेदार हैं।



## इंग्लैंड में बने 820 रन, कई बल्लेबाजों ने जड़े शतक, टूट गया 125 साल पुराना रिकॉर्ड

नईदिल्ली,(ए)। इंग्लैंड के द ओवल ग्राउंड पर उस वक्त रनों की बारिश होने लगी जब काउंटी चैंपियनशिप डिवीजन वन 2025 में सरे और डरहम की टीम आमने सामने थीं. सरे की टीम टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करने के लिए आए और 9 विकेट के नुकसान पर 161.3 ओवर में 820 रनों का विशाल स्कोर बना दिया. इसके साथ ही सरे ने अपना ही 125 साल पुराना क्लब रिकॉर्ड को भी तोड़ा दिया है. जो 1899 में समरसेट के खिलाफ इसी ग्राउंड पर 811 रनों का था।

यह क्लब के इतिहास का चौथा जबकि सरे का सबसे बड़ा टीम स्कोर है. पहले नंबर पर यॉर्कशायर का नाम है, जिन्होंने 1896 में वारविकशायर के खिला एजबेस्टन में 887 रन बनाए थे, जबकि दूसरे नंबर पर लंकाशायर का नाम है, उन्होंने 1990 में सरे के खिलाफ द ओवल में 863 रन बना कर ये उपलब्धि हासिल की थी. तीसरे नंबर पर समरसेट (850), चौथे पर सरे (820) और पांचवें पर सरे (811) का नाम है.मैच में चार खिलाड़ियों ने शतकीय पारी खेली, जिसमें सलामी बल्लेबाज डोम सिबली ने 475 गेंदों पर 305 रन बनाकर टीम की अगुवाई की. यह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सिबली का पहला तिहरा शतक था, जिसमें 29 चौके और दो छक्के शामिल थे. इसके अलावा डेन लॉरेंस ने 149 गेंदों पर 178 रन बनाए, जबकि सैम करन ने 124 गेंदों पर 108 रनों की पारी खेली. विल जैक्स ने भी 94 गेंदों पर 119 रन बनाए, जिसमें आठ चौके और चार छक्के शामिल थे।

## पुरुष एशिया कप हॉकी 2025 से पाकिस्तान का बाहर होना तय

### अभी तक नहीं मिली मंजूरी

नई दिल्ली (ए)। बिहार के राजगीर में 29 अगस्त से 9 सितंबर तक पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट 2025 खेला जाएगा। भारत की मेजबानी में होने वाले इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान को शामिल किये जाने की कोई संभावना नहीं हैं। वहीं हॉकी इंडिया के एक अधिकारी ने कहा कि इस मामले में सरकार के साथ बातचीत जारी है और उसके बाद अंतिम फैसला लिया जाएगा पर इस अधिकारी के अनुसार जिस प्रकार के तनावपूर्ण संबंध



दोनो देशों के बीच हैं उसमें पाक का बाहर होना तय है। पहलगाम में हुए घातक आतंकी हमले और उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर को देखते हुए पाकिस्तान पुरुष हॉकी टीम को बाहर करने की मांग तेज हो गयी है। वहीं हॉकी इंडिया के एक अधिकारी ने एशिया कप में पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर कहा, हम सरकार के संपर्क में हैं और हम उसके निर्देशों का पालन करेंगे।

मौजूदा स्थिति के अनुसार मुझे नहीं लगता कि पाकिस्तान टीम को भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। साथ ही कहा कि हम सरकार के आदेशों के अनुसार ही काम करेंगे। गौरतलब है कि पुरुषों का एशिया कप 2025-2026 एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप का क्वालीफाइंग इवेंट भी है जिसकी मेजबानी बेल्जियम और नीदरलैंड करेंगे। टूर्नामेंट के विजेता विश्व कप में जगह मिल जाएगी।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने 91 आवेदकों की समस्याओं का किया समाधान

## विस्थापित ग्राम राइट डेम टोला भाग -2 की पेयजल समस्या का हुआ समाधान ग्राम वासियों ने किया कलेक्टर को धन्यवाद ज्ञापित



नर्मदापुरम (निप्र)। जिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु मंगलवार को जनसुनवाई का आयोजन कलेक्ट्रेट में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में किया गया। जनसुनवाई में कुल 91 आवेदकों की समस्याओं का समाधान किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने पूर्व में प्राप्त लंबित आवेदनों तथा सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की भी समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देशानुसार जनसुनवाई के दौरान समस्त एसडीएम एवं तहसील स्तरीय अधिकारी भी वीसी के माध्यम से ऑनलाइन जुड़े। जिससे अनुविभाग एवं तहसील स्तर की समस्याओं के संबंध में अधिकारियों को त्वरित रूप से निर्देश जारी किये गये। जनसुनवाई में कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदनकर्ता से व्यक्तिगत संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और यथोचित निराकरण सुनिश्चित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सौजान सिंह रावत, सिटी मजिस्ट्रेट बृजेंद्र रावत, डिप्टी कलेक्टर डॉ. बबीता राठौर, एसडीएम नीता कोरी सहित अन्य जिला अधिकारीगण उपस्थित रहे।जनसुनवाई के दौरान गत सप्ताह संपन्न हुई जनसुनवाई के दौरान प्राप्त विस्थापित ग्राम इट डेम टोला भाग-2 के ग्रामवासियों की पाँच वर्षों से लंबित पेयजल आपूर्ति की समस्या का समाधान भी कलेक्टर के निर्देश पर किया गया। उल्लेखनीय है कि पूर्व में कलेक्टर के समक्ष प्राप्त जलापूर्ति की समस्या को लेकर ग्राम वासियों ने कलेक्टर को आवेदन प्रस्तुत किया था। जिस पर कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, सोहागपुर द्वारा हैंडपंप स्थापित कर पेयजल उपलब्ध कराया गया। समाधान से संतुष्ट ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर सुश्री मीना को धन्यवाद ज्ञापित किया। इटारसी निवासी श्रीमती फूलवती जोठे ने अपने पुत्र की मृत्यु के उपरांत पोतियों के भरण-पोषण संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। इस पर कलेक्टर ने एलडीएम को दोनों बच्चियों के बैंक खाते शीघ्र खुलवाने तथा महिला एवं बाल विकास विभाग को स्पॉन्सरशिप योजना के तहत शिक्षा हेतु सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान शंकर अहिरवार द्वारा आवेदन दिया गया कि उनकी पुत्री का सांदीपनि विद्यालय (सीएम राइस) स्कूल में प्रवेश नहीं हो पा रहा है। उक्त संबंध में कलेक्टर द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम को निर्देशित किया गया की प्रवेश होने में आ रही समस्या का समाधान शीघ्र ही किया जाए। फूलवती बाई निवासी बनखेड़ी द्वारा वृद्धावस्था पेंशन की राशि उपलब्ध करवाने के संबंध में कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया। उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन कल्याण को निर्देशित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि आवेदन करता के आवेदन अनुसार जांच करवाई जाए तथा शीघ्र ही राशि मिलने में आ रही समस्या का निराकरण किया जाए।

# सनराइज स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस में हुआ नए सत्र का शुभारंभ

## नन्हें मुन्ने विद्यार्थियों का तिलक लगाकर किया स्वागत, बच्चों में दिखा उत्साह






नर्मदापुरम (निप्र)। कमिश्नरी, जिला न्यायालय, मुख्य डाकघर और कलेक्ट्रेट के समीप कोठीबाजार स्थित सनराइज स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस स्कूल में नए शिक्षा सत्र का शुभारंभ उत्साह व उमंग के साथ हुआ। नए सत्र के शुभारंभ अवसर पर बच्चों में विशेष उत्साह दिख रहा था। खासकर नव प्रवेशी बच्चे अपने नवीन गणवेश में उत्साहपूर्वक आए हुए थे। स्कूल संचालक के साथ शिक्षक शिक्षिकाओं व स्कूल स्टाफ ने सभी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दी। प्राय: सभी स्कूलों में एक बार फिर विद्यार्थियों के आने से रौनक लौट आई है। ग्रीष्मावकाश के बाद एक जुलाई से विद्यालयों का विधिवत संचालन प्रारंभ हो गया है। विद्यालय पहुंचने पर नवोदित बच्चों में एक अलग ही उमंग होती है। स्कूल में पहला दिन होने के कारण कुछ छोटे बच्चो सहमें से सकुचाते, कुछ मुस्कुराते हुए पहुंचे। कुछ ही देर में जब स्कूल के संचालक और स्कूल स्टाफ का मधुर व्यवहार बच्चों के मन को भाया तो उनमें भी एक अलग ही उमंग दिखने लगी।स्कूल के डायरेक्टर अभिषेक दुबे ने बताया कि शिक्षा सत्र का शुभारंभ हो गया है। स्कूल में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। जिन बच्चों के एडवीशन हो गए हैं उनका आना शुरू हो चुका है। श्री दुबे ने कहा कि पढ़ाई का जीवन में का विशेष महत्व है। पालकों में भी अपने बच्चों की पढ़ाई के प्रति गंभीरता देखी जा रही है। हमारा भी ध्येय है कि विद्यार्थियों के लिए अच्छा माहौल दें। उन्हें शिक्षा संस्कृति और संस्कार से जोड़ें।

### नाप-तौल उपकरणों की जांच में अनियमितता पाए जाने पर फुटकर विक्रेताओं पर हुई कार्रवाई

नर्मदापुरम(निप्र)। कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी के निर्देशानुसार जिले के हाट बाजारों एवं फुटकर फल-सब्जी विक्रेताओं द्वारा उपयोग में लाए जा रहे नाप-तौल उपकरणों की सघन जांच की गई। इस कार्रवाई के तहत सलिल ल्यूक, सहायक नियंत्रक, विधिक मापविज्ञान, नर्मदापुरम एवं राहुल खिवरकर, सहायक ग्रेड-3 द्वारा विगत सप्ताह नर्मदापुरम शहर के विभिन्न स्थानों पर फुटकर विक्रेताओं के नाप-तौल उपकरणों की जांच की गई। जांच के दौरान कई विक्रेताओं द्वारा नियमों का पालन न करते हुए अनधिकृत पत्थर के बाट उपयोग में लाए जाने पर उन्हें तुरंत पत्थर के बाट का उपयोग बंद करने तथा सही और प्रमाणित तौल करने के निर्देश दिए गए।

# माता लक्ष्मी पहुंची गुंडीचा मंदिर, ढोल धमाकों से स्वागत





## विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

नर्मदापुरम (निप्र)। भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव के पांचवे दिन मंगलवार को हेरा पंचमी परम्परागत रूप से मनाई गई। इस दौरान मंगलवार शाम माता लक्ष्मी गुंडीचा मंदिर स्वयंवरम गार्डन पहुंची। चक्कर रोड चौराहा से माता को भव्य शोभायात्रा के साथ गुंडीचा मंदिर के जाया गया। इस दौरान भक्त जमकर थिरके। माता के आगमन की जानकारी मिलते ही भगवान मदन गोपाल उनके स्वागत के लिए द्वार तक गए। वहां माता लक्ष्मी का स्वागत के साथ ही पूजा अर्चना की गई। उसके बाद माता वहां से चली गई। उन्हें समेरिटंस विद्यालय के सरस्वती मंदिर ले जाया गया। उसके बाद वे वापस डोंगरवाड़ा चली गईं।दोपहर में गुंडीचा मंदिर में विशाल भंडारे एक आयोजन किया गया, जिसमें अनेक भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## इटारसी को सुअर मुक्त बनाने का अभियान फिर शुरू, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने शुरू कराया अभियान

इटारसी(निप्र)। इटारसी शहर को आवारा सूअरों से मुक्त कराने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने एक विशेष अभियान शुरू किया है। इस ष्सूअर मुक्त अभियान का उद्देश्य शहर की स्वच्छता और सार्वजनिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है। अभियान के दौरान पुलिस सुरक्षा भी मौजूद रही ताकि कार्य सुचारु रूप से संपन्न हो सके। यह पहल शहर में बढ़ती सूअरों की समस्या के मद्देनजर की गई हैए जिससे गंदगी फैलने और बीमारियों का खतरा बढ़ने की शिकायतें मिल रही थीं। पंकज चौरे ने जोर देकर कहा कि एक स्वच्छ और स्वस्थ इटारसी के निर्माण के लिए यह कदम उठाना बेहद ज़रूरी है।

### अभियान के दौरान कुछ जगहों पर हुई हल्की-फुल्की झड़पें

हालांकि इस महत्वपूर्ण अभियान के दौरान गरीबी लाइन और नाला मोहल्ला जैसे कुछ क्षेत्रों में छिटपुट घटनाओं की खबर भी मिली है। इन इलाकों में सूअर पकड़ने वाली टीम को स्थानीय निवासियों के कुछ विरोध का सामना करना पड़ा। इस दौरान हल्की धक्का.मुक्की और गर्मा.गरमी देखने को मिलीए लेकिन पुलिस की मौजूदगी से स्थिति को तुरंत नियंत्रित कर लिया गया। इन घटनाओं के पीछे कुछ लोगों द्वारा सूअर पाले जाने या उनके भावनात्मक लगाव को वजह माना जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने इन चुनौतियों को स्वीकार करते हुए कहा कि ऐसे अभियानों में कुछ दिक्कतें आती हैंए लेकिन प्रशासन जनहित में अपने काम के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी नागरिकों से इस अभियान में सहयोग करने और इटारसी को एक बेहतर शहर बनाने में मदद करने की अपील की है।

### अवैधानिक मत्स्याखेट पर प्रशासन की कार्यवाही, 60 किलो मछली जप्त कर की गई नीलामी



नर्मदापुरम(निप्र)। जिले में बंद ऋतु के दौरान मछलियों के प्रजनन काल में अवैधानिक मत्स्याखेट, विक्रय एवं परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध के निर्देशों के पालन को लेकर प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। तत्संबंध में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार मछली पालन विभाग के गठित दल ने गत दिवस इटारसी मछली बाजार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बाजार में अवैधानिक रूप से रखी गई लगभग 60 किलो मछली को जप्त कर नीलामी की कार्रवाई की गई। नीलामी से प्राप्त राशि 2500 रुपए की राशि शासन के मद में चालान के माध्यम से जमा कराई गई।इस दौरान आस-पास के सभी मत्स्य विक्रेताओं को जारी अधिसूचना के संबंध में अवगत कराया गया कि बंद ऋतु (16 जून से 15 अगस्त) के दौरान मछलियों के प्रजनन काल में किसी भी प्रकार का मत्स्याखेट, मत्स्य विक्रय एवं परिवहन दंडनीय अपराध है।

## समेरिटंस स्कूल इटारसी आज से नवीन भवन में स्थानांतरित

नर्मदापुरम(निप्र)। इटारसी में संचालित समेरिटंस इंग्लिश मीडियम स्कूल बुधवार 2 जुलाई से बेगानिया रोड स्थित ग्राम बोरतलाई में नवनिर्मित



अपने नवीन में संचालित होगा। इस सम्बन्ध में समेरिटंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डायरेक्टर डा आशुतोष कुमार शर्मा ने बताया कि अभी तक विद्यालय सूरजगंज स्थित किराए के भवन में संचालित था। इस वर्ष स्कूल का अपना सर्वसुविधायुक्त नवीन भवन बनकर तैयार हो गया है। बुधवार 2 जुलाई को इस भवन में वस्तु पूजा के बाद स्कूल यहीं संचालित होगा। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए बच्चों के लिए शहर से आने जाने के लिए बस सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

## रिहा बंदियों के ऋण प्रकरणों को बैंकों के माध्यम से शीघ्र स्वीकृत कराएं : कलेक्टर सोनिया मीना

**कलेक्टर ने की बंदियों के पुनर्वास व स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण व ऋण प्रकरणों की समीक्षा**



नर्मदापुरम(निप्र)। केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम से रिहा होने वाले एवं निकट भविष्य में सजा अवधि पूर्ण करने वाले बंदियों को प्रशिक्षण एवं स्वरोजगार योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से मंगलवार को समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने की।बैठक में रिहा बंदियों के स्वरोजगार हेतु प्रेषित ऋण प्रकरणों एवं परिरुद्ध बंदियों के कौशल विकास प्रशिक्षण की विभिन्न विभागों द्वारा विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रिहा बंदियों के ऋण प्रकरणों को बैंकों के माध्यम से शीघ्र स्वीकृत कराएं तथा लंबित प्रकरणों में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।कलेक्टर ने यह भी निर्देशित किया कि एक व्यक्ति को बहु-प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाए, जिससे बंदी एक से अधिक रोजगारोन्मुख योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। बैठक में बताया गया कि अब तक 2298 बंदियों/रिहा बंदियों को विभिन्न शासकीय विभागों एवं संस्थाओं के माध्यम से स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण दिया जा चुका है।जुलाई माह में 390 बंदियों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें आईटीआई नर्मदापुरम द्वारा 50 बंदी, वन स्टॉप सेंटर नर्मदापुरम द्वारा 60 महिला बंदी, उद्यानिकी विभाग द्वारा अंजनी स्वसहायता समूह के माध्यम से महिला बंदी, तथा कृषि विभाग द्वारा प्राकृतिक खेती में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इन प्रशिक्षणों में इलेक्ट्रिकल वायरिंग, मेहंदी डिज़ाइन, टमाटर सॉस, श्रीखंड, लस्सी, अचार, नमकीन निर्माण जैसी गतिविधियाँ शामिल हैं। वर्तमान में जेल की कुल परिरूद्ध बंदियों की संख्या का 96.99 प्रतिशत बंदी प्रशिक्षित हो चुके हैं। कलेक्टर ने रिहा बंदियों को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (PMFME), राष्ट्रीय पशुधन मिशन, प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना जैसी योजनाओं में ऋण प्रकरणों का पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### आज आयोजित की जाएगी बाढ़ एवं अतिवृष्टि से बचाव की पूर्व तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक

नर्मदापुरम(निप्र)। बुधवार 02 जुलाई को जिले में संभावित अतिवृष्टि एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए पूर्व तैयारियों एवं बचाव कार्यों के संबंध में कलेक्टर कार्यालय के रेवा सभाकक्ष में प्रात: 11ः00 बजे कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी।

## "धरती आबा जनजातीय जनभागीदारी अभियान से जिले के जनजातीय समुदाय को मिला व्यापक लाभ"

### 15 जून से 30 जून तक जिले के 83 चिन्हित जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में हुआ शिविरों का आयोजन

नर्मदापुरम (निप्र)। केंद्र सरकार की धरती आबा जनजातीय जनभागीदारी अभियान के तहत जिले में 15 जून से 30 जून 2025 तक "धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान" के अंतर्गत विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सौजान सिंह रावत के मार्गदर्शन में जिले के चयनित 83 ग्रामों में इन शिविरों का संचालन सफलतापूर्वक किया गया। जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त विवेक नागवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि इन शिविरों के माध्यम से जनजातीय समुदाय को विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का सीधा लाभ पहुँचाया गया। अब तक आयोजित शिविरों में कुल 2942 आधार कार्ड बनाए गए, 713 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए गए, 295 को जाति प्रमाण पत्र, 250 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) जारी किए गए हैं।

## कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने जनपद पंचायत केसला का किया निरीक्षण

### हितग्राही मूलक योजनाओं के लंबित आवेदनों पर जताई नाराजगी

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने गत दिवस जनपद पंचायत केसला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जनपद पंचायत की विभिन्न शाखाओं के अभिलेखों का परीक्षण किया और उसमें आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। कमिश्नर श्री तिवारी ने जनपद पंचायत केसला में सभी शासकीय कार्य, पत्राचार, ई फाइल ऑफिस सिस्टम प्रणाली से ही करने के निर्देश दिए और उन्होंने ई ऑफिस प्रणाली की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने जनपद पंचायत केसला के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देश दिए कि वह ई ऑफिस प्रणाली के तहत ही सभी कार्य करना सुनिश्चित करें। सभी फाइलें ई ऑफिस के माध्यम से ही लें। ऑफलाइन फाइल ना लें। कमिश्नर ने ई ऑफिस प्रणाली में सभी कर्मचारियों की मैपिंग करने के भी निर्देश दिए। कमिश्नर श्री तिवारी ने निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय परिवार सहायता एवं अनुग्रह सहायता राशि के प्राप्त आवेदनों का जायजा लिया। उन्होंने बहुत अधिक संख्या में लंबित आवेदनों पर सख्त नाराजगी व्यक्त की और निर्देश दिए की हितग्राहियों के आवेदनों का परीक्षण कर गंभीरता पूर्वक सभी आवेदन का निराकरण कर हितग्राहियों को लाभ वितरण करना सुनिश्चित करें। अनावश्यक रूप से अनुग्रह सहायता राशि एवं राष्ट्रीय परिवार सहायता राशि के आवेदन लंबित न रखे जाएं। तत संबंध में उन्होंने सहायक श्रम आयुक्त को भी निर्देश दिए कि वह इतनी अधिक संख्या में लंबित आवेदनों पर तत्काल निराकरण की कार्रवाई करना सुनिश्चित करें और हितग्राहियों को हित लाभ का वितरण करना भी सुनिश्चित करें। कमिश्नर श्री तिवारी ने स्थापना शाखा के लिपिक को निर्देश दिए की सभी कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं में समय-समय पर आवश्यक प्रविष्टियां कर सेवा पुस्तिका अपडेट रखी जाए। कमिश्नर श्री तिवारी ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देश दिए कि वह अपने कर्मचारियों की सीआर अनिवार्य रूप से समय सीमा में लिखना सुनिश्चित करें। उन्होंने जनपद कार्यालय में अव्यवस्थित रिकॉर्ड पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देश दिए की सभी रिकॉर्ड अपडेट रखे जाएं एवं मांगने पर तत्काल मिल जाए।

उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति बायोमेट्रिक मशीन अथवा सार्थक ऐप से ही लगाने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने निर्देश दिए की सभी कर्मचारी अपने निर्धारित समय से 5 मिनट पहले जनपद कार्यालय आए। कमिश्नर ने लेट आने वाले कर्मचारी एवं लापरवाही करने वाले कर्मचारियों पर नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।

### *डापका में 18.50 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन क्षेत्र के विकास में नहीं रखेंगे कोई कोर कसर : सांसद दर्शन सिंह चौधरी*

*नर्मदापुरम(निप्र)। पिपरिया के ग्राम डापका में सोमवार को विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी एवं विधायक ठाकुरदास नागवंशी के द्वारा किया गया। लोक निर्माण विभाग द्वारा डापका से अनहोनी तक सड़क निर्माण कार्य दूरी - 03.30 कि.मी. लागत ?423.70 लाख रुपये का एवं तरौन कलाँ से खैरी कलाँ सोनपुर, कुर्सीखापा, मोहारी तक सड़क निर्माण कार्य दूरी - 10.50 कि.मी. लागत रुपये 1425.46 लाख दोनों कार्यों का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि शासन विकास के लिए हमेशा तत्पर रहता है। शासन का उद्देश्य सिर्फ विकास है। सरकार संकल्प से सिद्धि तक के लक्ष्य पर काम कर रही है। हमारा और विधायक ठाकुरदास नागवंशी का हमेशा प्रयास रहा है कि क्षेत्र के विकास में कोई कमी न रहे। शासन की सोच है कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में गाँव से शहर तक सुगम यात्रा के संकल्प को साकार करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर आयोजित कार्यक्रम में जनपद पंचायत पिपरिया अध्यक्ष संध्या सिंगारे, राजेन्द्र हरदेनिया नवनीत नागपाल, नीतिराज सिंह, कुसुम लता पटेल, माधव दास अग्रवाल, परषोंत्तम रघुवंशी जिला पंचायत सदस्व बृजकिशोर पठारिया, प्रशांत रघुवंशी, राजा पटेल, सरपंच विनीता उइके सहित क्षेत्रीय लोगों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।*

## आईटीआई क्षेत्र और एनएमवी कालेज वाले नाले में चला स्वच्छता अभियान

### स्वच्छता निरीक्षक कर रहे कचरा वाहनों की मानिटरिंग

नर्मदापुरम(निप्र)। नगर के सभी वार्डों में स्वच्छता अभियान बारिश के मौसम को देखते हुए तेजगति से चलाया जा रहा है। वहीं नगर के अनेक क्षेत्र ऐसे हैं जहां कचरा ज्यादा एकत्रित होता है वहां विशेष रूप से पोकलेन और जेसीबी की मदद से कचरा साफ कराया जा रहा है। स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी ने बताया कि नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर समूचे नगर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को आईटीआई क्षेत्र के नाले नालियों में एकत्रित हुए कचरे को साफ कराया गया। वहीं एनएमवी कालेज के पास नाला भी पालिथिनए पन्नी से चौक हो गया था उसे भी जेसीबी की मदद से साफ कराया गया है। स्वच्छता निरीक्षक श्री तिवारी ने बताया कि नागरिकों से कचरा नाले नालियों और खुले प्लाटों में कचरा न फैंकने की अपील की जा रही है। सड़क किनारे या फिर यहां वहां कचरा फैंकने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। हम लगातार कचरा वाहनों की मानिटरिंग कर रहे हैं कचरा वाहन हर वार्ड में पहुंच रहा है। नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने बताया कि नगर में अनेक धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में नगर को स्वच्छ रखना आपकी और हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया है कि आपके द्वार कचरा वाहन पहुंच रहा है। कचरा उसी में डालें। यहां वहां कचरा न फैंकें। कचरा नालियों में फंसकर जलभराव की स्थिति उत्पन्न करता है।

#### बाढ़ नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया

नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर मंगलवार को नगरपालिका के अधिकारियों द्वारा सेठानीघाट पर बने बाढ़ नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को पुख्ता रखने के निर्देश दिए। बाढ़ आपदा सहायक प्रभारी अधिकारी योगेश सोनी ने बताया कि प्रभारी अधिकारी दीक्षा तिवारी द्वारा सेठानीघाट पर बने बाढ़ नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया गया। जल स्तर पर निगरानी रखने केए घाटों की साफ सफाई व्यवस्था और घाट पर उद्घोषणा करते रहने के निर्देश दिए गए। बाढ़ संबंधित सभी व्यवस्थाएं तैयार रखने के निर्देश दिए गए।

#### सड़क से हटाया अतिक्रमण

नगर की यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए नगर की सड़क किनारे व्यवसाय करने वालों को लगातार हटाया कर उन्हें निर्धारित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत ने बताया कि नपाध्यक्ष और मुख्य नगपालिका अधिकारी के निर्देश पर लगातार सड़कों का निरीक्षण किया जा रहा है। जहां भी फल सब्जी या अन्य ठेले वाले सड़क किनारे खड़ा कर व्यवसाय कर रहे हैं उनको निर्धारित स्थान पर पहुंचाया जा रहा है। उन्हें समझाइश भी दी जा रही है। दोबारा सड़क किनारे मिले तो अब जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।

#### नगर सीमा से बाहर किए पशु

हांका दल प्रभारी गगन सोनी ने बताया कि आवारा पशुओं को लगातार नगर सीमा से बाहर किया जा रहा है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले पशुओं की निगरानी की जा रही है। नगर की चहुंओर की सड़कों पर हाका दल के कर्मचारियों को तैनात किया गया है। सोमवार और मंगलवार को नगर के प्रमुख चौक चौराहों से आवारा पशुओं को पकड़कर नगर सीमा से बाहर किया गया। यह अभियान लगातार जारी रहेगा। गगन सोनी ने नगर के पशु पालकों से आग्रह किया है वे कि अपने पशुओं को बांधकर रखें। आवारा न छोड़ें इससे दुर्घटना होने की संभावना रहती है।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com